Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 215 | बुधवार, 06 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## कुदरत का कहर

## ज़िले के हर्षिल क्षेत्र के धरलोई गाँव में बादल फटने की घटना हुई

## खीर गंगा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया, जिससे भारी मलबा आ गया

# उत्तरकाशी में तबाही

**देहरादून।**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में मंगलवार को अचानक आई बाढ़ में कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोगों के लापता होने की आशंका है। हालांकि, ये आंकड़ा बढ़ भी सकता है। उत्तरकाशी के ज़िला मजिस्ट्रेट प्रशांत आर्य ने इसकी पुष्टि की। यह घटना तब हुई जब एक भीषण बादल फटने से होटल और होमस्टे समेत दर्जनों इमारतें बह गईं। घटनास्थल उत्तरकाशी ज़िले के हर्षिल के पास धराली गाँव में है। लगातार हो रही भारी बारिश पहाड़ी इलाकों में तबाही का सबब बन गई। ज़िले के हर्षिल क्षेत्र के धरलोई गाँव में बादल फटने की घटना हुई, जिससे खीर गंगा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया, जिससे भारी मलबा आ गया और धराली-खीर गंगा क्षेत्र में व्यापक नुकसान हुआ। इसके कुछ समय बाद, भूस्खलन और बादल फटने की घटना ने सेना के शिविर और बचाव दल के एक हिस्से को भी प्रभावित किया। केंद्रीय और राज्य आपदा राहत बलों और राज्य सरकार ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने मदद चाहने वाले लोगों से 01374222126, 222722, 9456556431 डायल करने का आग्रह किया है। हरिद्वार स्थित जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र ने प्रभावित लोगों से 01374-222722, 7310913129, या 7500737269 डायल करने का आग्रह किया है और देहरादून स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से 0135-2710334, 0135-2710335, 8218867005, या 9058441404 पर संपर्क किया जा सकता है। पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में राज्य आपदा परिचालन केंद्र में अधिकारियों के साथ बैठक की और उत्तरकाशी में बादल फटने की घटना के बाद स्थिति का जायजा लिया। एनडीआरएफ के डीआईजी मोहसेन शहीदी ने मंगलवार को बताया कि उत्तरकाशी के हर्षिल में बादल फटने और अचानक आई बाढ़ के बाद तीन सुसज्जित टीमें भेजी गई हैं। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि यह घटना दोपहर करीब 2 बजे हुई और शुरूआती रिपोर्टों से पता चलता है कि 40 से 50 घर बह गए हैं और 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। शहीदी ने कहा, ₹वहाँ बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलाना होगा।₹ उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक टीम में खोज और बचाव में प्रशिक्षित 35 कर्मी शामिल हैं। उत्तरकाशी की एसपी सरिता डोभाल ने कहा कि लोगों को उनके घरों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुँचा दिया गया है। स्थानीय पुलिस, एसडीआरएफ, आईटीबीपी और भारतीय सेना की राजपूत राइफल्स के जवान मौके पर मौजूद हैं।



**10** जवान लापता धराली में सेना के


**100** से ज्यादा लोगों के लापता होने की आशंका है।

**04** लोगों की मौत हो गई

### भयानक दृश्य







### पीएम मोदी ने हादसे पर जताया दुख



बोले– लोगों को सहायता प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही बताया जा रहा है कि इस हादसे के समय धराली में स्थानीय और यात्रियों को मिलाकर 200 से ज्यादा लोग मौजूद थे। लगभग 20 लोगों को बचा लिया गया है और घायलों का इलाज चल रहा है।

## यूपी-बिहार के कई इलाकों में बाढ़, प्रयागराज में 80 हजार लोग बेघर

**नई दिल्ली।**



बिहार, उत्तर प्रदेश और पंजाब में नदियों का जलस्तर बढ़ने का सिलसिला जारी है। जिससे कई इलाकों में बाढ़ की आशंका से लोग सहमे हुए हैं। पंजाब के गुरदासपुर, शहीद भगत सिंह नगर सहित कई जिलों में मंगलवार को भारी वर्षा हुई। हरिके हेड से सतलुज दरिया में करीब 22 हजार क्यूसेक पानी छोड़ने से फिरोजपुर में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। करीब 150 एकड़ धान की फसल में पानी में डूब गई है। बिहार में नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि जारी है। पटना के गांधी घाट पर गंगा खतरे के निशान से 1.15 मीटर ऊपर बह रही है। वहीं मनेर में 82 सेंटीमीटर, हाथीदह में 86 सेंटीमीटर व दानापुर में 50 सेंटीमीटर खतरे के निशान से ऊपर जलस्तर है। पटना के निचले क्षेत्र में कमर तक पानी आ चुका है। खगड़िया में सभी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। गंगा खतरे के निशान से 94 सेंटीमीटर और बूढ़ी गंडक 52 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। कोसी खतरे के निशान से 71 और बागमती 65 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। गंगा और बूढ़ी गंडक के बाढ़ क्षेत्र में बाढ़ का पानी का पानी फैलने लगा है। कई स्कूलों में पानी प्रवेश कर जाने के कारण पठन-पाठन बाधित हो गया है। मुंगेर में भी निचले इलाकों में गंगा का पानी तेजी से फैल रहा है। सुपौल स्थित बराज पर कोसी का जलस्त्राव मंगलवार शाम छह बजे एक लाख 79 हजार 230 क्यूसेक दर्ज किया गया। सहरसा में पूर्वी कोसी तटबंध के अंदर कोसी नदी की धारा ने पक्की सड़क काट दी। इससे दर्जनों गांव का जिला व प्रंखड मुख्यालय के साथ ही आसपास के गांव से भी सड़क संपर्क टूट गया है। कटिहार के अमदाबाद में गंगा खतरे के निशान से 42 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।

### उप्र में घटने लगीं गंगा-यमुना

उत्तर प्रदेश में गंगा, सरयू, टोंस, वरुणा, गोमती नदियां उफान पर हैं। प्रयागराज में लगभग एक सप्ताह से उफान पर रहीं गंगा और यमुना का पानी कम होने लगा है, लेकिन दोनों नदियों का जलस्तर अब भी खतरे के निशान के ऊपर है। इससे अब तक लगभग 80 हजार लोग बेघर हो चुके हैं तो पांच लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। पांच दिनों से पानी में डूबे घरों को भारी नुकसान होने की आशंका है।

## मानहानि मामले में राहुल गांधी की अदालत में पेशी आज

**रांची/चाईबासा।**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज चाईबास की सांसद-विधायक अदालत में पेश होंगे। प्रताप कुमार नामक व्यक्ति ने 2018 में चाईबासा में आयोजित एक रैली में भाजपा नेताओं के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक बयान देने के लिए राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को झारखंड के चाईबासा स्थित सांसद-विधायक अदालत में पेश होंगे।



यह मामला साल 2018 की एक रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी से जुड़ा है। राहुल गांधी मंगलवार को झारखंड में थे।

## भारतीय दवा उद्योग को झटका दे सकते हैं ट्रंप

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब भारत के दवा उद्योग को झटका देने की तैयारी कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका शुरूआत में दवा आयात पर मामूली टैरिफ लगाएगा, जिसे 18 महीनों के भीतर 150 फीसदी और अंततः घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयास के तहत 250 फीसदी तक बढ़ा दिया जाएगा। सीएनबीसी को दिए एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा, एक साल, ज्यादा से ज्यादा डेढ़ साल में, यह 150 फीसदी और फिर 250 फीसदी हो जाएगा



क्योंकि हम चाहते हैं कि दवाइयां हमारे देश में बनें। हालांकि उन्होंने दवाओं पर शुरूआती टैरिफ का कोई उल्लेख नहीं किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि वह अगले सप्ताह या उसके आसपास सेमीकंडक्टर और चिप्स पर टैरिफ की घोषणा करने की योजना भी बना रहे हैं। हालांकि उन्होंने इसके बारे में कोई और जानकारी नहीं दी। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर टैरिफ को लेकर बडा बयान दिया है। ट्रंप से जब पूछा गया कि क्या वे चीन सहित रूसी ऊर्जा खरीदने वाले सभी देशों पर 100% टैरिफ लगाने पर विचार कर रहे हैं? इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मैंने कभी प्रतिशत नहीं कहा, लेकिन हम इसका एक बड़ा हिस्सा लगाएंगे।

### सेंट्रल विस्टा परियोजना

## पीएम मोदी आज करेंगे कर्तव्य भवन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।**

पीएम मोदी आज दिल्ली के कर्तव्य पथ स्थित कर्तव्य भवन का उद्घाटन करेंगे। दिल्ली के अलग-अलग भवनों में बिखरे केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय व विभाग जल्द ही कर्तव्य पथ के दोनों तरफ बन रहे कर्तव्य भवनों में दिखेंगे। सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत केंद्रीय मंत्रालयों व विभागों के लिए ऐसे कुल दस भवनों का निर्माण होना है। इनमें से कर्तव्य भवन-3 बनकर तैयार हो गया है, इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह अगस्त को दोपहर 12.15 बजे करेंगे। साथ ही वह शाम छह बजे कर्तव्य पथ पर एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करेंगे। इनमें मंत्रालयों के अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल होंगे। शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को नवनिर्मित कर्तव्य भवन-3 के सभागार में पत्रकारों से चर्चा में बताया कि अगले महीने तक कर्तव्य भवन-1 और कर्तव्य भवन-2 भी बनकर तैयार जाएंगे। दोनों का काम लगभग अंतिम चरण में है। प्रस्तावित अन्य सात भवन भी अप्रैल 2027 तक बनकर तैयार हो जाएंगे। मंत्रालयों के लिए बनाए जा रहे इन भवनों में तकनीक, सुरक्षा व पर्यावरण अनुकूलता का पूरा ख्याल रखा गया है। पूरे भवन की निगरानी के लिए एक कमांड सीसीटीवी सेंटर भी बनाया गया है, जहां से परिसर व अंदर के गलियारों पर पैनी नजर रखी जाएगी।



## संपादक की कलम से

# टेस्ट ऑफ युवा भारत

लंदन के ओवल क्रिकेट मैदान पर एक बार फिर करिश्मा हुआ है। इतिहास रचा गया है। 1971 में तत्कालीन टेस्ट कप्तान अजित वाडेकर की युवा टीम ने, ओवल में ही, इंग्लैंड की टीम को पराजित किया था। यकीनन वह सर्वप्रथम और ऐतिहासिक जीत थी। उस जीत की पुनरावृत्ति टीम भारत भी नहीं कर पाई थी, लेकिन करीब 54 लंबे सालों के बाद टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की टीम ने वैसा ही चमत्कार किया है



ललित शर्मा
संपादक

और उसमें सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चमत्कार इसलिए कहा जा सकता है, क्योंकि मैच टीम इंडिया के हाथों से लगभग खिसक चुका था। लक्ष्य सिर्फ 35 रनों का था और 4 विकेट शेष थे। इंग्लैंड जिस शैली के साथ खेलता है, उसमें यह लक्ष्य पाना आसान लग रहा था, लेकिन टीम भारत के युवा तेज गेंदबाजों–सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा–ने बाजी ही पलट दी। उनकी सटीक लेंथ, यॉर्कर और धारदार गेंदबाजी ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को नौसीखिया बना दिया। इंग्लैंड की टीम 35 रन भी नहीं बना पाई और 6 रन से हार गई। सिराज ने कुल 5 और प्रसिद्ध ने 4 विकेट बटोरे। दोनों ने सीरीज के 5वें टेस्ट मैच में कुल 17 विकेट लिए। यह भारत की गेंदबाजी की नई, तेजतर्रार जमात है, लिहाजा उनका प्रदर्शन भी ऐतिहासिक आंका जाना चाहिए। सिराज ने 2025 की श्रृंखला में कुल 23 विकेट लिए और विश्व नंबर 1 गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के 2021–22 के प्रदर्शन की बराबरी की। सिराज कपिल देव, बुमराह, ईशांत शर्मा सरीखे तेज गेंदबाजों की जमात में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने इंग्लैंड की सरजमीं पर, इंग्लैंड की टेस्ट टीम के खिलाफ, 50 से अधिक विकेट बटोरे हैं। साफ है कि सिराज अब बुमराह की छाया से बाहर निकल चुके हैं। उन्होंने खुद को समानांतर गेंदबाजसाबित किया है। उन्होंने तत्कालीन कप्तान रोहित शर्मा को भी गलत साबित किया है,क्योंकि चैंपियंस ट्रॉफीके वक्त उनका आकलन था कि पुरानी गेंद के साथ सिराज अपेक्षाकृत असरदार गेंदबाजी नहीं कर सकते। अब ओवल के मैच में गेंद पुरानी पड़ चुकी थी, लेकिन सिराज ने आखिर 4 विकेट में से 3 विकेट बिखेरीं और टीम भारत को अभी तक की सबसे छोटी जीत (6 रन) हासिल कराई। यह टीम भारत नई, युवा, कम अनुभवी टीम है। शुभमन गिल को पहली बार कप्तानी का दायित्व सौंपा गया। टीम में विराट कोहली, रोहित शर्मा, अश्विन और श्रेयस अय्यर सरीखे क्रिकेटर नहीं थे। पहले तीन क्रिकेटर संन्यास ले चुके हैं। श्रेयस से बेहतर करुण नायर को आंका गया, लेकिन उन्हें अभी साबित करना है कि वह 303 टेस्ट रनों वाले ही बल्लेबाज हैं। बेशक एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी की यह श्रृंखला 2–2 से बराबर रही, लेकिन ट्रॉफी भारत के पास ही रहेगी। टीम भारत ने 2018 से इंग्लैंड के खिलाफ कोई टेस्ट सीरिज नहीं गंवाई है। मौजूदा श्रृंखला में हमारे खिलाड़ी युवा और नए थे, फिर भी कप्तान गिल के 4 शतकों, 754 रन, सहित भारतीय बल्लेबाजों ने कुल 12 शतक ठोंके। वॉशिंगटन सुंदर ने भी अपना पहला नाबाद शतक बनाया और ऑल राउंडर के तौर पर मजबूत विकल्प पेश किया। टीम भारत ने कुल 3809 रन बनाए, 422 चौके और 48 छक्के लगाए और 8 बार 350 रनों का स्कोर कर खुद को सर्वश्रेष्ठ टीमके तौर पर स्थापित किया। टीम भारत ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमों को पछाड़ चुकी है।

# भारत को सनातन ने नहीं, विदेशी आक्रांताओं और कांग्रेस ने बर्बाद किया

शिवसेना नेता संजय निरुपम ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'जितेंद्र आव्हाड ने सनातन धर्म को बदनाम करने के लिए खूब सारी फर्जी कहानियां सुनाई हैं। वे यह बताना भूल गए कि अगर सनातन धर्म नहीं होता तो वे अब तक जितेंद्र नहीं जित्तुद्दीन हो जाते। अगर सनातनी नहीं होते तो देश सऊदी अरब बन जाता। भारतीय पृष्ठभूमि वाली दुनिया की सबसे पुरातन सभ्यता-संस्कृति 'सनातन धर्म' पर सियासी वजहों से जो निरंतर हमले हो रहे हैं, उनका समुचित जवाब देने में अब कोई कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। अन्यथा इसकी सार्वभौमिक स्थिति और महत्ता को दरकिनार करने वाले ऐसे ही बेसिरपैर वाले क्षुद्र सवाल उठाए जाते रहेंगे। हाल ही में तथाकथित धर्मनिरपेक्ष और अवसरवादी क्षेत्रीय पार्टी एनसीपी शरद पवार के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने एक नया विवाद छेड़ते हुए जो कहा है कि सनातन धर्म ने भारत को बर्बाद कर दिया और इसकी विचारधारा को विकृत बताया, वह निहायत ही बेहूदगी भरी, अपरिपक्व और पूर्वाग्रह ग्रसित बयानबाजी है, उसकी जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। वहीं, भारत की आत्मा समझी जाने वाली सनातन सभ्यता-संस्कृति पर ऐसी अपमानजनक टिप्पणी करने वाले जनप्रतिनिधियों के खिलाफ उनकी पार्टी को अपना स्टैंड क्लियर करते हुए उनका इस्तीफा लिया जाना चाहिए, अन्यथा चुनाव आयोग को ऐसे जनप्रतिनिधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनसे सम्बन्धित राजनीतिक दल की मान्यता अविलंब समाप्त की जानी चाहिए।

अन्यथा जनमानस में यही संदेश जाएगा कि भारतीय संविधान के मातहत जारी कार्यपालिका प्रशासन और न्यायपालिका प्रशासन में धर्मनिरपेक्षता की पक्षधरता करने वाले ऐसे ऐसे सनातन विरोधी लोग बैठे हैं, जो भारत की सबसे पुरानी सभ्यता-संस्कृति के हमलावरों पर भी उसी तरह से उदार हैं, जैसे कभी मुगल या अंग्रेज प्रशासक या कांग्रेसी राजनेता हुआ करते थे। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त विधायक का यह बयान 2008 मालेगाव विस्फोट मामले में सभी सात आरोपियों के विशेष एनआईए अदालत द्वारा बरी किए जाने के बाद आया है, जिसने भगवा/हिन्दू आतंक शब्द को लेकर पिछले डेढ़ दशकों से जारी राजनीतिक बहस को एक बार फिर से गरमा दिया है। यह अजीबोगरीब है कि पत्रकारों से बात करते हुए आव्हाड ने कहा कि सनातन धर्म ने भारत को बर्बाद कर दिया। कभी कोई धर्म सनातन धर्म नाम से नहीं था। हम हिंदू धर्म के अनुयायी हैं। यही कथित सनातन धर्म था जिसने हमारे छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक में बाधा डाली। इसी सनातन धर्म ने हमारे छत्रपति संभाजी महाराज को बदनाम किया। इसी सनातन धर्म के अनुयायियों ने ज्योतिराव फुले की हत्या का प्रयास किया। इन्होंने सावित्रीबाई फुले पर गोबर और गंदगी फेंकी। यही सनातन धर्म शाहू महाराज की हत्या की साजिश में शामिल था। इसने आंबेडकर को पानी पीने या स्कूल में पढ़ने की अनुमति तक नहीं दी। वहीं, आव्हाड के सनातन धर्म और सनातन समाज विरोधी बयान पर राणे और संजय निरुपम ने भी ठोककर जवाब दिया है। महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री नितेश राणे ने जितेंद्र आव्हाड के बयान पर कहा कि 'हिंदू आतंकवाद' या 'सनातनी आतंकवाद' जैसी भाषा भारत की हिंदू और संत परंपरा को बदनाम करने के लिए गढ़ी गई एक परिभाषा है। राणे की इस प्रतिक्रिया का लब्बोलुआब यह है कि हिन्दू समाज के प्रति हद से ज्यादा



*चव्हाण के अनुसार, कोई भी धर्म आतंकवादी नहीं होता, लेकिन नाथूराम गोडसे की विचारधारा संघ की थी। सरदार वल्लभभाई पटेल ने एक समय संघ पर प्रतिबंध लगाया था।उन्होंने यह भी साफ किया कि चिदंबरम, सुशील कुमार शिंदे और दिग्विजय सिंह ने ह्यभगवा आतंकवाद' शब्द का उपयोग किया था, लेकिन मैं और मेरी पार्टी उस शब्द से सहमत नहीं थे और आज भी नहीं हैं। इसलिए सनातनी आतंकवाद कहते हैं। तल्ख हकीकत यह है कि भारत को सनातन ने नहीं, विदेशी आक्रांताओं और कांग्रेस ने बर्बाद किया। आजादी की प्राप्ति के बाद तुष्टीकरण की राजनीति करते हुए तत्कालीन हिंदूवादी कांग्रेस ने हिंदुओं के साथ छल किया। जबतक हिन्दू समाज इसे समझ पाया, तबतक बहुत देर हो चुकी थी। हिन्दू हित के जो कार्य 1947 में ही शुरू कर दिए जाने चाहिए थे, वो 1998–99 में प्रारंभ हुए, लेकिन उन्हें सही गति 2014 के बाद मिल पाई। अभी भी तथाकथित धर्मनिरपेक्षता इस राह में सबसे बड़ा बाधक है। यह इस्लामिक व ईसाइयत को संरक्षण देता है तो हिंदुओं को सिख, बौद्ध, जैन आदि पंथ को धर्म ठहराकर तोड़ता है। इससे हिन्दू समाज आंदोलित है। उसे योगी शासन का इंतजार है, ताकि यूपी की तरह पूरे देश का कायाकल्प संभव हो सके।*

नकारात्मक हो चुकी कांग्रेस को देशवासियों ने सजा दी, और केंद्रीय सत्ता से बाहर कर दिया, जिससे कांग्रेसी बौखलाये हुए हैं। उसके लोग मुस्लिम वोटों को समाजवादियों से खींचने के लिए रणनीतिक गलतियां दर गलतियां करते जा रहे हैं। ऐसा करके वे लोग विपक्ष की राजनीति तो कब्जा सकते हैं, लेकिन केंद्रीय सत्ता 15 साल बाद भी उनके लिए दिल्ली दूर ही साबित होगी। वहीं, बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने कांग्रेस के तथाकथित ₹इकोसिस्टम₹ पर निशाना साधते हुए कहा कि वह सनातन धर्म को बदनाम करने और हिंदू आतंक जैसे शब्दों का इस्तेमाल करने पर आमादा है। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण के उन हालिया बयानों का भी जिक्र किया जिसमें उन्होंने सनातन आतंकवाद का नया जुमला गढ़ा है। सांसद संबित पात्रा ने एनसीपी विधायक जितेंद्र आव्हाड के ताजा विवादित बयान का हवाला देते हुए कहा कि, ₹आव्हाड महाराष्ट्र के नेता हैं और शरद पवार की पार्टी से ताल्लुक रखते हैं। एक बार फिर उन्होंने सनातन धर्म के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। आपने सत्य का अपमान किया है, शिव के खिलाफ बोला है और उस भारत की सुंदरता का विरोध किया है। वह भारत जिसकी खूबसूरती सबके सम्मान में निहित है। मैं शरद पवार से पूछना चाहता हूं कि क्या यह आपकी पार्टी भी यही सोचती है, स्पष्ट कीजिए। वहीं, शिवसेना नेता संजय निरुपम ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'जितेंद्र आव्हाड ने सनातन धर्म को बदनाम करने के लिए खूब सारी फर्जी कहानियां सुनाई हैं। वे यह बताना भूल गए कि अगर सनातन धर्म नहीं होता तो वे अब तक जितेंद्र नहीं जित्तुद्दीन हो जाते। अगर सनातनी नहीं होते तो देश सऊदी अरब बन जाता। बता दें कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने भगवा शब्द की जगह सनातन या हिंदुत्ववादी शब्दों के उपयोग की वकालत की है। मालेगांव ब्लास्ट मामले में सभी दोषियों को बरी किए जाने के बाद चव्हाण ने सनातन संगठन की आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता का हवाला देते हुए उस पर प्रतिबंध का समर्थन किया। उन्होंने कहा है कि आतंकवादियों के लिए 'भगवा' शब्द का प्रयोग न करके 'सनातन' या 'हिंदुत्ववादी' शब्दों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए. उन्होंने अपने विचारों के समर्थन में ऐतिहासिक संदर्भ भी दिए। चव्हाण ने कहा, 'मेरे मुख्यमंत्री काल में ह्यसनातन' संगठन की आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता थी।' इस संगठन पर प्रतिबंध लगाने के लिए मैंने एक गोपनीय रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी थी। उसी संदर्भ में मैंने ह्यसनातन' शब्द का उपयोग किया था, क्योंकि उस संगठन का कार्य आतंकवादी प्रवृत्ति का था। इस संगठन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए था।' उन्होंने डॉ. नरेंद्र दाभोलकर और कॉ. गोविंद पानसरे की हत्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि उनके साथ क्या हुआ और आज तक न्याय क्यों नहीं मिला, यह गंभीर प्रश्न है। उन्होंने सवाल उठाया और कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर पर सदन में चर्चा होनी थी, उसी समय मुंबई सीरियल ब्लास्ट और मालेगांव फैसले का आना संयोग है या साजिश? मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जब मालेगांव केस चल रहा था, तब जो बयान दिया था, उसका असर कोर्ट के निर्णय पर पड़ा हो, तो यह गंभीर मामला है। चव्हाण ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी सवाल उठाए हैं। उन्?होंने कहा, 'बीते 15 वर्षों से अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री हैं, लेकिन इस अवधि में जांच एजेंसियों ने न्यायोचित कार्य नहीं किया है। ये सब सोची-समझी रणनीति के तहत किया गया है।' मुंबई विस्फोट और मालेगांव दोनों मामलों में सरकार को उच्च न्यायालय में अपील करनी चाहिए।'

## उदय किशोर साह



### बचपन के पल सुहाने

कविता

वो बचपन के पल    थे कितने सुहाने
उछल कूद करते थे संग  संग अनजाने
स्कूल जाने में होते थे    कई कई बहाने
खेल कूद में दिन होता था नित्य बिताने

माता पिता का मिलता था प्यार अपार
गुरू जी खाता था स्कूल में बड़ी    मार
पर दोस्तों से होती थी पल पल तकरार
जिन जिन को नहीं था हमसे कोई प्यार

दिन गुजरा था जब जब करते मनमानी
गढ़ लेते थे कोई भी हम झुठी।  कहानी
बात बात में होती थी  खेल   में वैईमानी
कितना सुन्दर था वो सब अपनी नादानी

पल में झगड़ना फिर     पल में दोस्ताना
रूठना और रूठे को होता था।  मनाना
सुनहरी भोर का होता था गीत    तराना
काश ! लौट आता एक बार पुन : जमाना

आटा चावल की ना थी कोई भी चिन्ता
छोटा समझ कर कोई गलती ना गिनता
कितना पावन था वो बीता  वो  जमाना
सुखद सा पल था वो अपना आशियाना

# अगस्त में केरल की इन हसीन जगहों को करें एक्सप्लोर, पार्टनर के साथ बिता सकेंगे रोमांटिक पल

केरल में कपल्स को हिल स्टेशन्स से लेकर समुद्री इलाके सबसे आकर्षिक करते हैं। इसलिए हर महीने दर्जन से भी अधिक कपल्स केरल रोमांटिक वेकेशन पर जाते हैं। अगस्त साल का एक ऐसा महीना है, जब कपल्स केरल में छुट्टियां मनाने के लिए पहुंचते हैं। जब भी दक्षिण भारतीय राज्यों में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले केरल का नाम लेते हैं। अरब सागर के तट पर स्थित केरल एक बेहद खूबसूरत राज्य है। जहां पर हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। केरल में कपल्स को हिल स्टेशन्स से लेकर समुद्री इलाके सबसे आकर्षिक करते हैं। इसलिए हर महीने दर्जन से भी अधिक कपल्स केरल रोमांटिक वेकेशन पर जाते हैं। अगस्त साल का एक ऐसा महीना है, जब कपल्स केरल में छुट्टियां मनाने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको केरल की कुछ रोमांटिक डेस्टिनेशन के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप भी अपने पार्टनर के साथ हसीन पल बिताने के लिए पहुंच सकते हैं।



**वैसे केरल का मुन्नार तो हर कोई घूमने जाता है, लेकिन अगर आप किसी भीड़-भाड़ से दूर शांत और खूबसूरत हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं**

**अल्लेप्पी:** अगस्त के महीने में केरल की सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह घूमने की बात की जाती है, तो कई कपल्स सबसे पहले अल्लेप्पी पहुंचते हैं। यह जगह अपनी खूबसूरती और मेहमान नवाजी के कारण केरल के टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। यह जगह अपने सबसे सुंदर बैकवाटर, लैगून और खूबसूरत बीचेज के लिए जाना जाता है। यहां पर समुद्र तट के किनारे कई ऐसे रिसॉर्ट और विला हैं, जो कपल्स का शानदार वेलकम करते हैं। वहीं आप खूबसूरत बीच के किनारे खुशनुमा सुबह से लेकर हसीन शाम का लुत्फ उठा सकते हैं। वहीं पार्टनर के साथ हाउसबोट्स का भी आनंद ले सकते हैं।

**वायनाड:** वैसे केरल का मुन्नार तो हर कोई घूमने जाता है, लेकिन अगर आप किसी भीड़-भाड़ से दूर शांत और खूबसूरत हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो आपको वायनाड को जरूर एक्स्प्लोर करना चाहिए। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक और क्वांटिटी टाइम बिता सकेंगे। वायनाड एक बेहद शानदार और खूबसूरत हिल स्टेशन है। जोकि अपने चाय-काफी के बागान, हरियाली और शानदार वॉटरफॉल के लिए फेमस है। यहां पर कई ऐसे रिसॉर्ट और विला हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिता सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर कुरुवा द्वीप, चेम्बरा पीक और बाणासुर सागर बांध जैसी जगहों को एक्स्प्लोर कर सकते हैं।

**कोवलम:** केरल के सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में कोवलम का नाम भी शामिल है। यह अरब सागर के तट पर स्थित है। यहां पर सिर्फ अगस्त के महीने में नहीं बल्कि हर महीने पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यह जगह अपने अधिक समुद्र तटों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी जाना जाता है। यहां पर हवा बीच, लाइट हाउस बीच और कोवलम बीच के किनारे कई कपल्स हनीमून के लिए भी पहुंचते हैं।

**त्रिशूर:** केरल की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में फेमस त्रिशूर घूमने के लिहाज से एक परफेक्ट डेस्टिनेशन है। यह केरल का ऐतिहासिक और धार्मिक शहर माना जाता है। त्रिशूर में आपको खूबसूरती से लेकर स्थानीय संस्कृति का बेजोड़ नमूना देखने का मौका मिलेगा। आप यहां पर अथिरापल्ली झरना, वड़ाकुमनाथन मंदिर आदि को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# हर घर तिरंगा अभियान देश के प्रति सम्मान, प्रेम और समर्पण प्रकट करने का अवसर: सत्येंद्र

वेलकम इंडिया



**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश के प्रति सम्मान, प्रेम और समर्पण प्रकट करने का अवसर है। ऐसे में प्रत्येक कार्यकर्ता अपने घर के साथ ही अपने पूरे मोहल्ले में प्रत्येक घर पर तिरंगा ध्वज लगवाने की जिम्मेदारी ले। उन्होंने तिरंगा यात्राओं के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राम विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, जिला प्रभारी राजा वर्मा, हरीश गंगवार ,शहर विधायक आकाश सक्सेना, मिलक विधायक राजबाला, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष ने तिरंगा यात्रा के संबंध में जानकारी दी और अपने सुझाव साझा किए। सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि 2014 के बाद तिरंगा यात्राओं और हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से देश में राष्ट्रप्रेम का भाव जन-जन तक पहुंचा है। विभिन्न धार्मिक यात्राओं में भी इसका प्रभाव नजर आता है। आज धार्मिक आयोजनों में धर्म ध्वज के साथ ही तिरंगा भी शान से लहराता नजर आता है। हमें इस अभियान से बचे हुए लोगों को भी जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि 10 से 12 अगस्त तक मंडल स्तर पर तिरंगा यात्राओं के आयोजनों के साथ ही अभियान का शुभारंभ होगा। इन तिरंगा यात्राओं में शहीदों के परिजनों और क्षेत्र के सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों व कर्मचारियों को आमंत्रित करना होगा। 12 से 14 अगस्त के तक शहीदों के स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जबकि 13 से 15 अगस्त के बीच सभी घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा ध्वज लगाया जाएगा। इसके अलावा 14 अगस्त को विभाजन की विभिषिका स्मृति दिवस मनाया जाएगा। साथ ही उन्होंने जिला स्तर पर बड़ी तिरंगा यात्रा निकालने के भी निर्देश दिए। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भरोसा दिलाया कि इस बार भी पहले से कहीं अधिक भव्य और विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने योजना के बारे में बताया और मंडल स्तर पर कार्यक्रम के तैयारियों के लिए आयोजित होने वाली बैठकें तय कीं। जिला प्रभारी राजा वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# युवा उद्यमियों को दिया व्यवसाय में सफलता का मंत्र



असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत अंबेडकर सभागार में मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना और उन्हें उद्यमिता की ओर मार्गदर्शन प्रदान करना था।जिसमें उद्यमियों के साथ बैठक हुई। इसमें उद्योग विभाग और उद्योग जगत के मालिक पर शिक्षकों ने उद्योग लगाने वाले लाभार्थियों को इसके बारे में जानकारी दी गई। उद्योग कैसे चलाया जाए कैसे तरक्की करें इसके बारे में बिंदुवार बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, बिजनेस प्लान और प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही, ऋण प्रक्रिया, सरकारी सहायता, और फ्रेंचाइजी मॉडल्स जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।रोजगार सृजन, उद्यमिता की भावना पैदा करना और युवाओं में नौकरियों के पीछे जाने के बजाय व्यवसायों को चुनना ही बेरोजगारी की समस्या का एकमात्र समाधान है इस कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों, जिला प्रशासन और कॉलेज प्रतिनिधियों ने भाग लिया और पोर्टल उपयोग व परियोजना मूल्यांकन जैसे विषयों को सरल और प्रभावी ढंग से समझाया।

# बिजनौर में बारिश से गिरा मकान: मलबे में दबे एक ही परिवार के 7 लोग, बुलडोजर से 3 घंटे चला रेस्क्यू



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर जिले में पिछले 30 घंटे से जारी तेज बारिश अब लोगों के लिए आफत बन गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के अलावलपुर गांव में बारिश के कारण एक मकान का लेंटर गिर गया। हादसे में मकान में सो रहे एक ही परिवार के 7 लोग दब गए।घटना रात 12:30 बजे की है। अलावलपुर गांव के रहने वाले दिनेश सिंह के मकान का लिंटर अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस और उपजिलाधिकारी भी तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बुलडोजर की मदद से और ग्रामीणों के सहयोग से करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद सभी लोगों को सकुशल बाहर निकाला। मलबे में शिव (10), वंशिका (12), दिनेश (50), रानी (15), प्रीति (20) और मोनू शामिल हैं।

# राष्ट्रीय योगी सेना द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मुरादाबाद :** श्रावण मास के अवसर पर शिव भक्त अपनी कावड़ में गंगा जल भरकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं। कांवडियो के आगमन से बम बम भोले की गूंज व शिव भजनों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी भोलेबाबा के आशीर्वाद से होने वाले नौंवे भंडारे की शुरूआत कुंदन पेट्रोल पंप, निकट चौधरी चरण सिंह चौक,मुरादाबाद में की गई,कार्यक्रम में मुरादाबाद मेयर विनोद अग्रवाल, विधायक रितेश गुप्ता, मंत्री गीता साध्वी ने भंडारे में आकर कांवड़ियों की सेवाकर धर्म लाभ कमाया। कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक चौहान एवं जिला अध्यक्ष प्रभुज्योत सिंह बग्गा के नेतृत्व में हुआ, साथ ही साथ जिला महामंत्री वरुण सक्सेना, जिला संयोजक विपुल सक्सेना, जिला कोषाध्यक्ष सुनील सिंहा, जिला उपाध्यक्ष संदीप शर्मा एवं राजीव सिंह, जिला मंत्री अखिलेश सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी शरद शर्मा, सृष्टि शर्मा, राजेश मदान, राजीव सक्सेना, विकास गौतम, राजुल गुप्ता, पारुल गुप्ता, अतुल माथुर, लक्ष्मण चंद्र, सचिन शर्मा , सन्नी गांधी आदि मौजूद रहे।



# गुलदार ने घर में घुसकर 6 बकरियों को बनाया शिकार



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**जनपद बिजनौर धामपुर/शेरकोट।** जानकारी के अनुसार रामसहायवाला चुंगी क्षेत्र में देर रात एक गुलदार ने घर में घुसकर आतंक मचा दिया। गुलदार ने घर के अंदर बने कमरे में बंधी 6 बकरियों को मार डाला और एक को उठा ले गया।यह पूरी घटना उस समय सामने आई जब मंगलवार सुबह बकरी मालिक अफसार अपने जानवरों को खोलने पहुंचे।अफसार अहमद ने बताया कि उन्होंने अपने मकान के पास एक कमरे में बकरियां बांध रखी थीं। रात्रि में गुलदार छत के रास्ते जीने से होता हुआ सीधे उस कमरे में जा पहुंचा। सुबह अफसार ने देखा कि छह बकरियां मृत पड़ी हैं और एक गायब है। छत से लेकर नीचे तक गुलदार के पंजों के निशान साफ नजर आ रहे थे। जिससे बकरी स्वामी का लगभग 70 हजार का नुकसान हुआ है। गुलदार के इस हमले से क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है, क्योंकि अब तक वह खेतों और जंगलों तक सीमित था, लेकिन अब वह बस्ती तक पहुंच चुका है।सूचना मिलते ही वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ओर गोविंद गंगवार मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। उन्होंने गुलदार की तलाश शुरू कर दी है।ग्रामीणों ने वन विभाग से शीघ्र गुलदार को पकड़ने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। जिससे किसी आम आदमी को हानी न पहुंचे।

# बीती रात से हो रही बारिश से वकीलों के चैंबरों के बाहर पानी भरा पड़ा है




वेलकम इंडिया

**रामपुर।** रामपुर में बीती रात से हो रहीं बारिश ने आम जनता जीवन अस्त व्यस्त कर दिया हैं। उमसभरी गर्मी से लोगों को कुछ हद तक निजात मिली हैं लेकिन नगर पालिका परिषद की नाकामी भी सामने नजर आ रहीं हैं। शहर की मुख्य सड़कों व मौहल्लों में बरसात का पानी भर गया हैं जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं वहीं जिला कचहरी के बाहर व वकीलों के चैंबरों में पानी भरा पड़ा हैं जिस कारण अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त हैं। युवा अधिवक्ता रोहित कुमार राठौर ने बताया कि पिछले दो दिनों से रामपुर में लगातार रूक-रूक कर बारिश हो रही हैं जिस कारण सड़कों पर नालें चैक होने के कारण पानी उतर आया हैं। कचहरी का तो काफी बुरा हाल हैं। कचहरी के बाहर और अंदर पानी ही पानी नजर आ रहा हैं। पानी के कारण वकील अपने चैंबर तक नहीं जा पा रहे हैं जिस कारण वादकारियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं। अधिवक्ता लगातार नगर पालिका प्रशासन से मांग करते रहे हैं कि बरसात के मौसम से पहले कचहरी के मुख्य नालों व नालियों की तली झाड़ सफाई कराई जाये ताकि बरसात के समय पानी की निकासी हो सके लेकिन पालिका प्रशासन इस पर कोई ध्यान नहीं देता हैं जिस कारण अधिवक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। सोमवार व मंगलवार को वादकारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# सत्यपाल मलिक एक निर्भीक और जाबांज इन्सान के रूप में याद रहेंगे: मनोज कटारिया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** पूर्व राज्यपाल एवं किसान नेता सत्यपाल मलिक का दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में काफी समय से इलाज चल रहा था। श्री मलिक के ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर ट्वीट कर निधन की जानकारी दी गई है, सत्यपाल मलिक लम्बे समय से किडनी सहित कई अन्य बीमारियों से पीड़ित थे। मिली जानकारी के अनुसार जम्मू-कश्मीर, बिहार, मेघालय एवं गोवा राज्यों के राज्यपाल रह चुकें, ग्रामीण पृष्ठभूमि से जुड़े पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक 79 वर्ष का जन्म बागपत जनपद के हिसावदा गांव में हुआ था। निधन का समाचार अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है, उनका जाना किसानों के लिए अपूरणीय क्षति और समस्त राष्ट्र के लिए शोक की घड़ी है। किसान कामगार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० मनोज कटारिया ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन देश के लिए अपूर्णीय क्षति है और राष्ट्र ने एक निर्भीक, स्पष्टवक्ता, किसान-मजदूरों की बुलन्द आवाज एवं जनप्रिय नायक को खो दिया है। डॉ० कटारिया ने कहा है कि उन्होंने जीवन भर संविधान, लोकतंत्र एवं किसान हितों की रक्षा में अपनी अहम भूमिका निभाई। उनकी सत्यनिष्ठा और जन भावनाओं के प्रति प्रतिबद्धता सदैव सकारात्मक प्रेरणा देती रहेगी। उनका जीवन हमेशा सत्य, साहस एवं समर्पण का प्रतीक रहा। उन्होंने सदैव समाज के कमजोर वर्गों की आवाज को बुलन्दकर देशहित में अटूट निष्ठा के साथ कार्य किया तथा उनके निधन से देश ने एक सच्चा समाज सेवक और प्रखर व्यक्तित्व खो दिया है। उन्होंने कहा कि श्री मलिक का निधन अत्यंत दुःखद एवं कष्ट दायक हैं, परम पिता परमात्मा उनकी आत्मा को शान्ति देकर श्री चरणों में जगह प्रदान करें। डॉ० कटारिया ने कहा कि सत्यपाल मलिक को हमेशा एक ऐसे निडर और जाबांज इन्सान के रूप में याद करूँगा, जो आखिरी वक्त तक भी बिना डरे सच बोलकर जनता के हितों की आवाज बुलंद करते रहे। उन्होंने कहा किसान कामगार मोर्चा उनके परिजनों, समर्थकों एवं शुभ चिन्तकों के प्रति गहरी शोक संवेदनाएँ और पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर शोक व्यक्त कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता है।

# बिजनौर में ड्रिप सिंचाई कार्यशाला का सफल आयोजन किसानों को मिला आधुनिक खेती का मंत्र




वेलकम इंडिया महमूद रजा

**जनपद बिजनौर,** विभागीय निदेशों के क्रम में और गन्ने की खेती में ड्रिप सिंचाई के महत्व को देखते हुए, जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर के मार्गदर्शन में आज कृषि विज्ञान केंद्र, नगीना में एक दिवसीय संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य विषय "पर ड्रॉप मोर क्रॉप" (प्रति बूंद अधिक फसल) योजना था, जिसमें गन्ना विभाग और उद्यान विभाग ने मिलकर किसानों को जागरूक किया इस कार्यशाला में जनपद के करीब 100 इच्छुक किसानों ने भाग लिया। कार्यशाला में गन्ना विभाग, उद्यान विभाग और चीनी मिलों के अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान ड्रिप सिंचाई के फायदों और इसे अपनाने में आने वाली चुनौतियों पर गहन चर्चा की गई ड्रिप सिंचाई के लाभ और महत्व अधिकारियों और विशेषज्ञों ने बताया कि आने वाला समय ड्रिप सिंचाई का है। लगातार घटता भूजल स्तर इस बात का स्पष्ट संकेत है कि हमें पानी बचाने के लिए इस तकनीक को अपनाना होगा। ड्रिप सिंचाई के कई महत्वपूर्ण फायदे हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख इस प्रकार हैं उत्पादन में वृद्धिः ड्रिप सिंचाई से गन्ने का उत्पादन 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ सकता है पानी की बचत पारंपरिक सिंचाई की तुलना में ड्रिप सिंचाई में पानी की 50-60% तक बचत होती है, जिससे भूजल संरक्षण में मदद मिलती है।उर्वरक की बचतः इस तकनीक से उर्वरक सीधे पौधों की जड़ों तक पहुँचता है, जिससे इसकी बबार्दी कम होती है और लागत में बचत होती है। खरपतवार नियंत्रणः पानी सीधे जड़ों तक पहुँचने से खेत में अनावश्यक खरपतवार नहीं उगते, जिससे श्रम और समय की बचत होती है।रोग और कीटों का कम प्रकोपः पौधों पर पानी का छिड़काव न होने से पत्तियों और तनों से जुड़े रोगों का खतरा कम हो जाता है।सरकार द्वारा इस योजना के तहत किसानों को सामान्य वर्ग के लिए 80% और लघु व सीमांत किसानों के लिए 90% तक की सब्सिडी दी जा रही है। अधिकारियों ने किसानों से इस योजना का लाभ उठाने और ड्रिप सिंचाई को अपनाकर अपनी आय बढ़ाने का आग्रह किया।

# बाढ़ से प्रभावित गांवों में पहुंचीं डीएम ने अफसरों को दिए निर्देश

वेलकम इंडिया महमूद रजा



बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा भारी बरसात के दृष्टि गत जिले के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर राजस्व अधिकारियों को जान व माल की सुरक्षा के निर्देश दिए गए। सबसे पहले जिलाधिकारी मालन नदी में बढ़े हुए जलस्तर के कारण बाढ़ प्रभावित ग्राम कछियाना एवं मुअज्जमपुर तुलसी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि जिन लोगों द्वारा पानी के प्रवाह मार्ग में अतिक्रमण कर आवास अथवा अन्य निर्माण किया गया है, उसकी जांच कर कब्जाधारियों के विरुद्ध कार्रवाई करें और अवैध कब्जे को कब्जा मुक्त कराएं ताकि पानी के प्रवाह में कोई रुकावट न रहे। तदुपरांत उनके द्वारा चिड़ियापुर के करीब कोटा वाली नदी से मिजार्पुर उर्फ पीतमपुरा जाने वाले रास्ते पर ग्राम वासियों द्वारा अस्थाई पुल के दोनों एप्रोच मार्ग क्षतिग्रस्त होने पर उन्होंने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि एप्रोच मार्ग कटान रोकने के लिए तत्काल वहां सेंड बेग लगाएं और कटान रोकने की समुचित व्यवस्था करें। उक्त संबंध में उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि पानी के प्रवाह को डायवर्ट करें ताकि काटन रोका जा सके। उसके बाद उनके द्वारा बाढ़ प्रभावित ग्राम बड़िया का निरीक्षण किया गया, जहां स्थानीय ग्रामवासियों ने मालन नदी पर अस्थाई पुल का निर्माण किया था, नदी में बढ़ते जल स्तर के कारण एप्रोच रोड के कटान की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने उक्त कटान को रोकने के लिए अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को तत्काल समुचित एवं प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# हाइवे पर, खिलाड़ियों के लिए पार्किंग शुल्क मुक्त, किया जाए फरहत अली खान

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** एनआईएस खेल प्रशिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला एथलेटिक्स एसो. के सचिव फरहत अली खान ने खेल प्रोत्साहन समिति की सभा में अपनी बात जोरदार ढंग से रखी। उन्होने कहा कि गति अवरोधक हाइवे पर, खिलाड़ियों के लिए पार्किंग शुल्क मुक्त, जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड एमरजेंसी बनवाने की सुविधा, बालिका खिलाड़ियों के लिए चैंज रूम, प्रशिक्षण के समय कोई भी टूनामेंट या मैच शुरू और समाप्त, महिलाओं की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन, खिलाड़ियों के लिए आयुष्मान कार्ड और किट एवं जन्य सुविधाएं, रजिस्टर्ड शौकिया या अन्य का ही प्रवेश हो। उन्होने सभा में अपनी इन मांगो को प्रबलता से रखा और कहा कि इस पर गंभीरता से विचार किया जाये।

# मिडिया एनयूजे प्रयागराज हाईकोर्ट बार और समाजसेवियों का आभार: डीएम

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज।** प्रयागराज में बाढ़ से बिगड़े हालात के बीच जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। डीएम मनीष वर्मा ने आज नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स प्रयागराज के मंत्री कुलदीप सिंह से संवाद करते हुए प्रयागराज की मीडिया, नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, और समाजसेवी संस्थाओं द्वारा किए जा रहे बाढ़ राहत प्रयासों की सराहना की। डीएम ने कहा कि ₹जिस तरह से मीडिया एनयूजे प्रयागराज और सामाजिक संगठन एकजुट होकर बाढ़ पीड़ितों की मदद कर रहे हैं, वह प्रशंसनीय है। हम सभी के प्रति आभार ब्यक्त करते हैं जो इस कठिन समय में मानवता के साथ जिला प्रशासन के साथ कदम से कदम मिला कर सहयोग कर रहे है। बाढ़ प्रभावित इलाकों का भ्रमण कर रहे हैं डीएम इससे पहले डीएम मनीष वर्मा ने खुद बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और पीड़ितों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने राहत शिविरों की व्यवस्थाएं भी जांची और अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी जरूरतमंद को कोई तकलीफ न हो। हाई कोर्ट बार अध्यक्ष राकेश पांडेय बबुआ ने दिया सहयोग का भरोसा नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के मंत्री कुलदीप सिंह की उपस्थिति बार हाई कोर्ट बार अध्यक्ष बने राकेश पांडेय उर्फ बबुआ ने भी डीएम से बात की। उन्होंने कहा कि पूरी बार एसोसिएशन तन-मन-धन से बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है, और हर संभव सहायता प्रदान करेगी। प्रशासन और समाज मिलकर लड़ रहे हैं बाढ़ की लड़ाई प्रयागराज में बाढ़ से उत्पन्न संकट के बीच प्रशासन, मीडिया एनयूजे प्रयागराज सामाजिक संस्थाओं का यह समन्वय राहत कार्यों को और अधिक प्रभावी बना रहा है। वही एनयूजे प्रयागराज के संरक्षक पवन दिवेदी संरक्षक परवेज आलम जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव अखिलेश शुक्ला संगठन मंत्री ने कहाँ कि उपाध्यक्ष आयुष श्रीवास्तव मंत्री कुलदीप सिंह के नेतृत्व मे एनयूजे प्रयागराज की टीम पूरी तरह से जिला प्रशासन का सहयोग तथा बाढ पीडितो की एक एक परेशानियो की जानकारी जिला अधिकारी को उपलब्ध कराकर हर सम्भव जिला प्रशासन तथा बाढ पीडितो के सहयोग मे लगा है ।

# सीएमओ ने जिला संयुक्त चिकित्सालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया ने मंगलवार को दोपहर जिला संयुक्त चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी चिकित्सा कक्ष, इमरजेंसी वार्ड, पीआईसीयू, एसएनसीयू और एमसीएच भवन सहित कई विभागों का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. चौरसिया ने कई कमियां पाईं। उन्होंने वार रूम पंजिका को सही और पूर्ण रूप से भरने के निर्देश दिए। साथ ही बीएचटी का अद्यतन संधारण सुनिश्चित करने को कहा। सीएमओ ने बरसात के मौसम में सांप काटने के मामलों को देखते हुए इंजेक्शन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीबी मरीजों की देखभाल में भी सतर्कता बरतने पर जोर दिया। डॉ.चौरसिया ने स्पष्ट किया कि अस्पताल व्यवस्था में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि ड्यूटी में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इस अचानक निरीक्षण से अस्पताल स्टाफ में हड़कंप मच गया। अब व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की कार्रवाई तेजी से शुरू कर दी गई है।

# जिलाधिकारी ने ली मंदिर माला मिशन के कार्यो की प्रगति समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कलेक्ट्रेट सभागार में मंदिर माला मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि बागनाथ एवं बैजनाथ मंदिरों के पुनर्विकास से जुड़े प्रस्तावों को शीघ्र शासन को प्रेषित किया जाए। साथ ही, आरडब्ल्यूडी विभाग को भद्रकाली मंदिर से सड़क तक टिनशेड निर्माण हेतु आवश्यक एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि बागनाथ मंदिर परिसर और उसके आसपास के क्षेत्र के पुनर्विकास के लिए 23 करोड़ रुपये तथा बैजनाथ मंदिर परिसर के लिए 13 करोड़ रुपये की लागत से कार्य प्रस्तावित हैं। जिला पर्यटन अधिकारी पी. के. गौतम ने मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत चयनित दोनों मंदिरों को भव्य और सुविधाजनक रूप देने की विस्तृत कार्य योजना का प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मंदिर माला मिशन का उद्देश्य कुमाऊं मंडल के पौराणिक मंदिरों का समग्र विकास और जीर्णोद्धार कर धार्मिक पर्यटन को सुदृढ़ करना है। इस मिशन के तहत मंदिरों तक पहुंचने वाले मार्गों का सुदृढ़ीकरण, यात्री सुविधाओं का विस्तार और समग्र पर्यटक अनुभव को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। कार्य योजना आगामी 30 वर्षों की तीर्थयात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी, अपर जिलाधिकारी एन.एस. नबियाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाल रोग विशेषज्ञ को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय अटैच करने से चिकित्सक खफा

वेलकम इंडिया



बागेश्वर में ग्वालदम निवासी भारतीय सेना में तैनात सैनिक के डेढ़ साल के बच्चे की मौत के बाद सेना के जवान द्वारा बच्चेके इलाज में लापरवाही और इमरजेंसी में तैनात इएमओ और बाल रोग विशेषज्ञ परबच्चे के इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप लगाते हुए बच्चे को समय से 108 एम्बुलेंस सेवा समय से नही मिल पाने पर सैन्य जवान की शिकायत के बाद मामले में डीएम द्वारा गठित जांच टीम की रिपोर्ट के बाद बाल रोग विशेषज्ञ को अटैच किए जाने से चिकित्सक नाराज हो गए हैं।बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंकित कुमार को सीएमओ कार्यालय में अटैच किया गया है। चिकित्सा संगठन ने इस कार्रवाई का विरोध करते हुए कालाफीता बांधकर विरोध जताया।वही बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा बच्चे की हालत नाजुक होने पर उचित इलाज कर बच्चे के परिजनों को तत्काल हायर सेंटर रेफर किएजाने के बाद भी यदि परिजनों को समय से 108 सुविधा नही मिल पाई तो इसमें चिकित्सक की कोई लापरवाही नही होने के बाद भी जबरन बाल रोग विशेषज्ञ के खिलाफ कार्रवाई होने को अनुचित बताया।और विरोध जताते हुए प्रदर्शन कर ओपीडी बहिष्कार की चेतावनी दी है। ग्वालदम निवासी सैनिक के डेढ़ साल के बच्चे की मौत का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। डीजी हेल्थ द्वारा बच्चे की इलाज में लापरवाही बरतने के मामले में बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंकित कुमार को सीएमओ कार्यालय में अटैच किया गया है। जिसका चिकित्सा संगठन ने विरोध जताया है। उन्होंन काला फीता बांधकर विरोध जताया। कहा कि यदि तीन दिन के भीतर अंकित को अस्पताल नहीं भेजा तो वह ओपीडी का बहिष्कार करेंगे। इसकी सारी जिम्मेदारी डीजी हेल्थ व सरकार की होगी।चिकित्सक को अटैच किए जाने से जिला अस्पताल में तैनात फिजिशियन डॉ चन्द्र मोहन भैसोड़ा, और प्रीति यादव दिन रात मरीजों को देख रहे हैं, वही इएममो की कमी होने से भी जिला अस्पताल में मरीजों पर इसका असर पड़ रहा है। संगठन के जिलाध्यक्ष गिरजा शंकर जोशी के नेतृत्व में चिकित्सकों ने मामले में नाराजगी जताते हुए काला फीता बांधकर जिला अस्पताल में बाद नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया।

# सड़क सुरक्षा की सीख देने वाले एआरटीओ कार्यालय की सड़क कीचड़ से सनी



असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** सड़क सुरक्षा की सीख देने वाले एआरटीओ कार्यालय की सड़क कीचड़ से सनी है। इस रास्ते से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बाइक सवार भी फिसलकर कीचड़ से नहा रहे हैं, कुछ चोटिल भी हो जा रहे हैं। उप संभागीय परिवहन कार्यालय जाने वाली सड़क पूरी तरह से टूट कर ध्वस्त हो चुकी है।इसके चलते एआरटीओ कार्यालय पहुचने वालों को दुश्वारियां झेलनी पड़ रही है। दो दिन के बारिश में उप संभागीय परिवहन कार्यालय जाने वाला मार्ग कीचड़ से सन गया है। इससे यहां पर आने वाले अभ्यर्थियों को परेशानी हो रही है। इसके अलावा बीएसएनएल कार्यालय में आधार कार्ड बनाने वाले और बगल के एक सरकारी कार्यालय में कार्य के लिए आने वाले लोगों को कठिनाइयों से जूझना पड़ रहा है। कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। फोटो में देख सकते हैं की सड़क की हालात क्या है और कैसे लोगों को गुजरना पड़ रहा है।

# मॉडलिंग की दुनिया में क्रांति लाएंगी मिसेज एशिया विजयता सचदेवा नई प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

वेलकम इंडिया




मॉडलिंग और फैशन इंडस्ट्री को एक नई दिशा देने के लिए मिसेज एशिया विजयता सचदेवा पूरी तरह से तैयार हैं। प्रतियोगिता में अपनी करिश्माई प्रस्तुति और आत्मविश्वास से लोगों का दिल जीतने वाली सचदेवा अब उभरती हुई प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। ₹हर महिला के भीतर एक मॉडल छिपी होती है, उसे बस सही मौका चाहिए,₹ सचदेवा ने अपने इंटरव्यू में कहा। उनका मानना है कि छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में भी अपार प्रतिभा छिपी हुई है, जिसे सही मार्गदर्शन और मंच की जरूरत है। जिसके जरिए युवा और विवाहित महिलाओं को फैशन इंडस्ट्री में कदम रखने का मौका मिलेगा। इस पहल के तहत देशभर में टैलेंट हंट, ग्रूमिंग वर्कशॉप्स और मेंटरशिप प्रोग्राम्स आयोजित किए जाएंगे।

**इंडस्ट्री में नया युग:** फैशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि सचदेवा की यह पहल इंडस्ट्री के लिए एक गेम-चेंजर साबित हो सकती है। उनका फोकस केवल रैंप वॉक तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास और आत्मनिर्भरता पर भी होगा।

**समाज को संदेश:** सचदेवा का यह कदम यह भी दर्शाता है कि उम्र, वैवाहिक स्थिति या स्थान–कोई भी मॉडल बनने की राह में बाधा नहीं है। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि सपनों को सच करने के लिए बस हिम्मत और मेहनत की जरूरत होती है।

# किसानों के हक की सबसे बुलंद आवाज थे सत्यपाल मलिक :रामवीर सिंह तोमर

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** पूर्व राज्यपाल और किसान हक हुकूमत की पहचान श्री सत्यपाल मलिक जी का निधन किसानों के लिए अत्यंत दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण खबर है। भारतीय राजनीति, खासकर किसानों ने एक ऐसा व्यक्तित्व खोया है जो सत्ता के सामने भी सच बोलने का साहस रखता था। सत्यपाल मलिक खुद को गर्व से चौधरी चरण सिंह का शिष्य बताते थे। वह देशहित के मुद्दों पर निडर होकर अपनी बात रखने वाले विरले नेताओं में से एक थे। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में सादगी, स्पष्टवादिता और जनहित के मुद्दों पर अपनी बेबाक राय के लिए हमेशा एक अलग पहचान बनाई। जिस समय किसानों को किसी मजबूत समर्थन की सबसे अधिक जरूरत थी, श्री सत्यपाल मलिक उस समय सामने आए थे और किसानों की आवाज बुलंद करने का काम किया था। महत्वपूर्ण मुद्दों पर उन्होंने न केवल अपनी बेबाक राय रखी, बल्कि किसानों को भी एक मार्गदर्शन देने का काम किया था। पूरा किसान समुदाय अपने इस बेटे के निधन पर शोक व्यक्त कर रहा है और आंसू बहा रहा है। श्री सत्यपाल मलिक का निधन पूरे देश के किसान समुदाय के लिए बड़ी क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को यह कठिन समय सहने की शक्ति दें।

# टेटनस तथा डिप्थीरिया (टी डी) टीकाकरण अभियान को लेकर बच्चों को किया गया जागरूक

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज के द्वारा टी डी टीकाकरण को लेकर दिल्ली पब्लिक स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विश्राम सिंह एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर प्रशांत रंजन के दिशानिर्देश में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता की निगरानी में किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ मधु गुप्ता द्वारा बताया गया कि टी डी टीकाकरण का कार्य क्षेत्र में स्थित सभी स्कूलों में करवाया जा रहा है। इसके अंतर्गत बच्चो को टी डी टीकाकरण से लाभान्वित भी किया जा रहा है। क्षेत्र के समस्त विद्यालयों में स्कूलों के प्रधानाचार्यों की सहायता से यह कार्य किया जा रहा है। यह टीकाकरण पूरे महीने चलता रहेगा, पूर्व में जो बच्चे किसी कारणवश टीकाकरण से छूट गए थे, वह भी इस टीकाकरण अभियान के अंतर्गत टेटनस तथा डिप्थीरिया (टी डी) जैसे रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण करा सकते हैं। बच्चों के शरीर के लिए यह टीकाकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस टीकाकरण से बच्चों में टेटनस तथा डिप्थीरिया की बीमारी का खतरा समाप्त किया जा सकता है। जिससे वह अपने जीवन में तंदुरुस्त एवं स्वस्थ्य रहकर समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं। डॉक्टर गुप्ता ने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ रखकर ही समाज का निर्माण किया जा सकता है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इस टीकाकरण के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है साथ ही बच्चों को भी टी डी टीकाकरण की विशेषताओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया जा रहा है। इस कार्यक्रम में दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य वी के मिश्र एवं कोऑर्डिनेटर महेश कुमार के साथ समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के पिता ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** वृंदावन में गौरीगोपाल आश्रम में देश में स्वजन द्वारा तिरस्कृत बुजुर्ग माताओं की सेवा का दावा करने वाले कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के पिता ने ही उन पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। प्रसारित वीडियो में मारपीट करने, बंधक बनाने का आरोप लगाया है। आश्रम ने वीडियो को एक वर्ष पुराना बताया है। कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के पिता रामनरेश तिवारी का इंटरनेट मीडिया में प्रसारित वीडियो अचानक चर्चा में आ गया है। इसमें उनके पिता कह रहे हैं कि मैं गौरीगोपाल आश्रम से अनिरुद्धाचार्य के यहां से बोल रहा हूं, मुझे लोग अनिरुद्धाचार्य के पिता कहते हैं। आज मेरा हाथ ऊपर नहीं उठ रहा है। एक घंटे से कर्मचारी बुला रहा हूं, लेकिन कोई नहीं सुन रहा। कर्मचारी रंगदारी करते हैं। अनिरुद्धाचार्य के कितने पिता हैं, हम पता ही नहीं लगा पा रहे हैं। जैसा व्यवहार हमारे साथ हो रहा है मैं मोदी, योगी व जिला प्रशासन के अधिकारियों से प्रार्थना है मैं बहुत मुसीबत में हूं। अनिरुद्धाचार्य ने मेरी जमीन हड़प ली है और इसके कर्मचारी हमसे हमारा बाप बनकर बात करते हैं। मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री हमारी सुनें और मेरी मदद करें। मैं 68 वर्ष का हूं, मेरे साथ जो अभद्रता हो रही है, मैं सहन नहीं कर सकता। इसी बीच कुछ कर्मचारी उन्हें वीडियो बनाने से रोकते हैं तो रामनरेश तिवारी उन्हें हड़का देते हैं। गौरीगोपाल आश्रम द्वारा बताया गया कि ये वीडियो 29 अगस्त 2024 का है। इसके बाद खुद कथावाचक अनिरुद्धाचार्य ने एक दिन अपनी कथा में भक्तों के सामने स्वीकारा था कि उनके पिता ने उन्हें घर से निकाल दिया है। अनिरुद्धाचार्य के पिता रामनरेश तिवारी का कहना है जो वीडियो प्रसारित हो रही है वह किसी ने एआई से एडिट की है। मैं गौरीगोपाल आश्रम से खुश हूं, ऐसा बेटा भगवान सभी को दे। वह मेरी नित्य शाम को मेरे पास आकर सेवा करते हैं।

# अध्यात्म पीठ चन्द्रसरोवर पर ठाकुर श्री बृज वल्लभ लाल का झूलन महोत्सव मनाया

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** ब्रज मंडल के परम पावन स्थान चंद्र सरोवर पर ठाकुर श्री बृज वल्लभ लाल जी के आंगन में अध्यात्म पीठ चन्द्र सरोवर परासौली पर धूमधाम से झूलन महोत्सव मनाया गया। अध्यात्म पीठाधीश्वर श्री पूर्ण प्रकाश कौशिक जी महाराज के सानिध्य में श्री ठाकुर जी को झूला झुलाया और श्रावण की मल्हार गायन किया गया। जानकारी देते हुये बताया कि इस झूलन उत्सव के बारे युवा पीढ़ी को अवगत कराया जाएगा तथा प्रचार सामग्री भी दी जाएगी। ताकि लोगों को सावन माह में ठाकुर जी झूलन महोत्सव के बारे अपनी पुरातन धार्मिक परंपरा का पता चल सके। झूला और हरियाली हमें धार्मिक प्रवृत्ति के साथ जोड़ने का संदेश देती है। वही हमें हरियाली भरा वातावरण बनाने का भी संदेश देता है। जिसके तहत सावन माह में तीज से पूर्णिमा तक झूला महोत्सव मनाते हैं। अनेकों भक्तों ने झूलन के पदों के साथ साथ प्रसादी ग्रहण करके आनंद प्राप्त किया। ठाकुर श्री ब्रज वल्लभ लाल जी के झूलन महोत्सव अवसर पर गिरिराज जी की बड़ी परिक्रमा स्थित प्राचीन जंगलेश्वर महादेव महंत श्री दीनबन्धु दास जी, किलोलकुण्ड के महंत श्री बाबू बाबा, संत निवास के महंत श्री देवकीनंदन जी महाराज, महंत श्री श्याम चरण दास जी आदि अनेकों संत महंत उपस्थित रहे।

# शिव मन्दिर नव निर्माण के उपलक्ष्य में प्रथम विशाल भण्डारे का आयोजन में कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराए जाने पर एसपी को किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



हापुड़ जनपद के नवीन मण्डी गढ रोड स्थित गांव मुरादपुर में शिव मन्दिर निर्माण के उपलक्ष्य में रविवार को प्रथम विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के आयोजक चन्द्रकिरण कश्यप व उनकी पत्नी अल्का कश्यप ने मन्दिर पर हवन कराकर शिवलिंग पर नाग चढ़ाया और जल दूध अभिषेक किया। भक्तों के हर हर महादेव, से गूंजा मन्दिर कार्यक्रम में पहुंची भाजपा नेत्री अलका नीम नें भगवान शिव के दर्शन कर भण्डारे का प्रसाद ग्रहण कर आयोजकों को इस धार्मिक आयोजन के लिए बधाई दी। राष्ट्रिय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के पंचायती राज विभाग से प्रदेश सचिव चन्द्रकिरण कश्यप ने कहा कि मन्दिर केवल ईश्वर की आरधना का स्थान ही नहीं, होते, बल्कि समाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों के केन्द्र भी होते है। उन्होंने ग्रामीणों की एकता और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारा बढ़ाने का कार्य करते है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने संगठन के पदाधिकारियों को गांव की प्रकाश व्यवस्था व मुख्य रास्ते निर्माण कार्य न होने की समस्या से अवगत कराया। हापुड़ पुलिस के द्वारा कावड़ यात्रा को सम्पूर्ण स्वयभाव सम्पन्न कराए जाने पर हापुड़ पुलिस आभार व्यक्त करते हुए हापुड़ के एसपी सहित कई थानाध्यक्ष और क्षेत्राधिकारी हापुड़ नगर और सहित थाना प्रभारी निरीक्षको को भी सम्मानित किया है। पर कार्यक्रम आयोजक चन्द्रकिरण कश्यप ने लोगो को भरोसा दिलाया कि सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से बात करके जल्द से जल्द समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता कि समस्याओं का समाधान कराना ही जन प्रतिनिधियों की प्राथमिकता होनी चाहिए और वे सदैव इसके लिए तत्पर है। कार्यक्रम मे आये सभी अद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और शिव मंदिर निर्माण के पूर्ण होने की कामना की। आयोजक चन्दकिरण कश्यप ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त सहयोगियों व श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया और मन्दिर निर्माण में तन मन धन से सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियो के साथ समस्त ग्रामीण उपस्थित रहें।

# लगातार हो रही बारिश में 90 साल पुरानी बिल्डिंग भरभराकर गिरी

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली।** सुभाष नगर क्षेत्र के खालसा स्कूल की गली में मंगलवार सुबह 90 साल पुरानी एक जर्जर बिल्डिंग अचानक भरभराकर गिर पड़ी। हादसा करीब सुबह 9 बजे हुआ। गनीमत यह रही कि इस हादसे के वक्त आसपास मौजूद लोग बाल-बाल बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार खन्ना बिल्डिंग के पीछे स्थित यह पुरानी इमारत प्रीतम लाल खुराना की है, जो अब अपने नए मकान में रहते हैं। मिट्टी और सुर्खी से बनी यह बिल्डिंग वर्षों से बंद पड़ी थी और काफी जर्जर हो चुकी थी। स्थानीय लोगों के अनुसार लगातार हो रही बारिश के चलते बिल्डिंग की दीवारें कमजोर हो गई थीं। स्थानीय लोगों ने भी इस खतरे की जानकारी पहले ही मकान मालिक को दी थी। जब ये हादसा हुआ उस वक्त पास में ही रहने वाले राजू खुराना और उनकी पत्नी बबीता खुराना गली से गुजर रहे थे। अचानक मलबा गिरा, लेकिन गनीमत रही कि वे दोनों सुरक्षित बच गए। इस बिल्डिंग का एक हिस्सा अभी भी सड़क की ओर खड़ा है, जो कभी भी गिर सकता है। उस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में लोग गुजरते हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे जर्जर भवनों की तत्काल जांच कराकर उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी को टाला जा सके। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इलाके में कई पुरानी, खस्ताहाल इमारतें खाली पड़ी हैं, जो जानमाल के लिए खतरा बन चुकी हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से इन इमारतों को चिन्हित कर गिराने की मांग की है।

# आईपीएस आसना चौधरी बनी मथुरा की नई सीओ सिटी, छाता मांट में भी नए सीओ की तैनाती

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** सीओ सिटी सहित जनपद में चार पुलिस उपाधीक्षकों के कार्य में फेरबदल किया गया है। आईपीएस अधिकारी सुश्री आसना चौधरी को सीओ सिटी के चार्ज के साथ-साथ पुलिस लाइंस का प्रभारी बनाया गया है। इनके अलावा अब तक सीओ सिटी के पद पर तैनात भूषण वर्मा को सीओ छाता और छाता के पद पर तैनात आशीष शर्मा को सीओ मांट बनाया गया है। वहीं सीओ गुंजन सिंह को मांट सर्किल से हटाकर क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम और महिला थाना का कार्यभार सोपा गया है।

# सपा युवजनसभा मथुरा की कार्यकारिणी घोषित

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा/गोवर्धन।** गिरिराज परिक्रमा मार्ग स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में सपा कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष तुलसीराम शर्मा, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव की मौजूदगी में सपा युवजन सभा की नवीन कार्यकारिणी के विस्तार की घोषणा की गई। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने भाजपा सरकार में किसानों के उत्पीड़न और पुलिस थानों में व्याप्त भ्रष्टाचार और फर्जी एनकाउंटर पर सवाल उठाए। मंगलवार को गोवर्धन के घनश्याम आश्रम में समाजवादी पार्टी की बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर कार्यकताओं से संवाद किया। जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र यादव ने कार्यकताओं को निर्देश देते हुए कहा कि 2027 में विधान सभा और 2026 में पंचायत चुनाव होने हैं। चुनाव से पहले जनता में जाकर उनकी समस्या का निस्तारण कराने के लिए प्रयास करें। जनता भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार से परेशान हैं। जनता के साथ खडे होकर सड़क से लेकर अधिकारियों तक संघर्ष करें, थानों और तहसीलों में किसानों की सुनवाई न होने पर जिले के पदाधिकारियों को अवगत कराए, जनता का शोषण नहीं होने दें। पार्टी से युवाओं को जोड़ें। जनता की सुनवाई के लिए ही युवजन सभा का विस्तार किया जा रहा है। प्रदीप चौधरी ने कहा सपा में जन प्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर प्रॉपर्टी का काम कर रहे हैं। थाने और तहसीलों में जनता की सुनवाई नहीं हो रही है। थानों को हिस्ट्रीशिटर गुंडे बदमाश चला रहे हैं। युवजन सभा के जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी मैथिल ने बताया कि जिला युवजन सभा के कार्यकारिणी का विस्तार की घोषणा की गई हैं, जिसमें जिला, तहसील, ब्लॉक और नगर अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, सचिव आदि पदों पर नियुक्ति की गई है। जनता को भाजपा के भ्रष्टाचार से बचाना हैं। इस बैठक में राधाकुंड के पूर्व चेयरमैन दाऊजी ठेकेदार, सतीश गोस्वामी, बाँके गोस्वामी, अबरार हुसैन, विधानसभा अध्यक्ष पोहप सिंह, नगर अध्यक्ष गोवर्धन धीरज शर्मा एडवोकेट, ब्रजकिशोर केहरी, महासचिव सुभाष पाल, गौरव गोस्वामी, संदीप, दिनेश एडवोकेट, संतोष यादव, सोनू ठाकुर, नजर पहलवान, शिवम् शर्मा, राजेंद्र सिकरवार, जी आर शर्मा, शंकर सैनी, नानक ठेकेदार, गंगेश्वर, हरदीप, राम मोहन, राजवीर, संजू ठाकुर, सचिन शर्मा, प्रकाश नेता, किशनो आदि मौजूद रहे।

# ज्ञानेंद्र राघव ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय से की मुलाकात



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विज्ञान भवन में आयोजित विधि मानवाधिकार आईटीई के विभाग में सम्मेलन में पहुंचे सभी शीर्ष नेताओं के साथ उत्तर प्रदेश के जांबाज प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय से जनपद बुलंदशहर से सम्मेलन में पहुंचे कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने शिष्टाचार भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया व मुलाकात के दौरान जनपद शामली में हुए ब्लाक कमेटी व मंडल अध्यक्ष व कमेटी के साथ चल रहे बूथ गठन के जानकारी दी व जनपद बुलंदशहर में चल रहे डिबाई अनूपशहर आदि जनपद के कार्य में जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष से मार्गदर्शन प्राप्त किया जिस पर पूर्व मंत्री अजय राय द्वारा दिए गए समय सीमा में संगठन सज्जन अभियान को पूरा कर सामाजिक न्याय के साथ बूथ गठन के निर्देश दिए मुलाकात के दौरान महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा गौड़ सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# थाना दुधारा पुलिस ने चोरी के 10 हजार रु0 के साथ वाँछित 03 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान जनपद में चोरी जैसी घटनाओं के सफल अनावरण हेतु थानाध्यक्ष दुधारा इन्द्रभूषण सिंह के नेतृत्व में उ0नि अनिल मिश्रा, हे0का0 अरविन्द कुमार यादव, का0 राधेश्याम गिरि, का0 रत्नेश सिंह, का0 सोनू यादव ने मु0अ0सं0 283/2025 धारा 331(4)/305(ए)/317(2) बीएनएस में वांछित 03 अभियुक्त क्रमशः 01. शोएब उर्फ पावा पुत्र बैतुल्लाह 02.अलतमश उर्फ कल्लू पुत्र अब्दुल लतीफ 03. सचिन कुमार गौतम पुत्र सर्वजीत निवासीगण बढ़यामाफी को चोरी के 10 हजार रु0 नकद के साथ लाइफ लाइन हास्पिटल जाने वाली रोड़ के पास से गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेज दिया। वादी अब्दुल मोतीन पुत्र मुर्तजा हुसैन निवासी बढ़यामाफी थाना दुधारा जनपद सन्तकबीरनगर द्वारा दिनांक 04.08.2025 को थाना दुधारा पर तहरीर दिया गया कि उनके घर से उनके जेब में रखे 11000 रु0 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया है। उक्त तहरीर के आधार पर थाना दुधारा पर मु0अ0सं0 283/2025 धारा 331(4)/305(ए)/317(2) बीएनएस अभियोग पंजीकृत कराया गया था। उक्त अभियुक्तगणों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि तीनों लोगों को पैसे की काफी आवश्यकता थी, शोएब उर्फ पावा ने बताया कि गाँव के अब्दुल मोतीन के घर चोरी करने हेतु 02,03 दिन से रेकी कर रहे थे, दिनांक 03/04.08.2025 की रात्रि में जब सब सो गए तो मैं कल्लू तथा सचिन के सहयोग से मोतीन के घर के पीछे से चढ़कर आंगन के सरिया को हटाकर अन्दर घुस गया जहाँ अब्दुल मोतीन के कुर्ते में रखे 11 हजार रुपए चोरी कर लिया तथा मैने 4000 रु0 तथा कल्लू तथा सचिन को 03-03 हजार रुपए दे दिए। 1000 रु0 खाने पीने में खर्च कर दिए शेष बरामद 10 हजार रु0 इसी चोरी के है।

# प्रतापगढ़ पुलिस की अपराधियों से मुठभेड़ एक को लगी गोली एक गिरफ्तार

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** सग्रामगढ थानान्तर्गत पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में सग्रामगढ थाना पुलिस ने लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह से आज स्वाट टीम के साथ हुई एक मुठभेड़ में, लूट के मामले में वांछित दो और अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अपराधियों की पुलिस सग मुठभेड़ सोमवार, 4 अगस्त 2025 की रात को संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के अस्थवा मीरपुर रोड के पास हुई। पुलिस टीम, जिसका नेतृत्व एएसपी (डब्ल्यू) संजय राय और सीओ लालगंज आशुतोष मिश्रा कर रहे थे, ने चेकिंग के दौरान अभियुक्तों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली सूर्यभान पटेल (पुत्र महेश पटेल, निवासी रामपुर गोहरी, प्रयागराज) के दाहिने पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। उसके दूसरे साथी अंकित सोनी (पुत्र रामकृष्ण सोनी, निवासी सेवईत बाजार, प्रयागराज) को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ मे घायल अभियुक्त सूर्यभान पटेल को तत्काल इलाज के लिए सीएचसी संग्रामगढ़ ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल प्रतापगढ़ रेफर कर दिया गया है।

# मिष्ठान विक्रेताओं के यहां खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापेमारी

**वेलकम इंडिया**




**औरंगाबाद/ बुलंदशहर।** आगामी त्योहारी सीजन के चलते खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कस्बे में मिठाई विक्रेताओं के यहां छापे मारकर मिठाईयों के चार नमूने लिए। सभी नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को कस्बे में आकर मेन सदर बाजार स्थित अग्रवाल स्वीट्स से पपड़ी का, मेन चौराहे स्थित दिल्ली स्वीट्स से खोये का, सुहेब सफदर स्वीट्स से खोये का तथा स्याना रोड़ स्थित सतीश स्वीट्स से पपड़ी का नमूना भरा। खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई से मिठाई विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। अनेक दुकानों से रंग-बिरंगी मिठाईयां देखते ही देखते गायब हो गईं।

कुछ दुकानदारों ने खिसकने में ही भलाई समझी। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राममिलन राना हरेंद्र कुमार मुनेंद्र सिंह राना मनीषा शर्मा सनजीत कुमार महेश कुमार कमलेश कुमार पंकज वर्मा सुनील कुमार सुपरवाइजर बिहारी लाल शुक्ला शामिल रहे।

# बाइक और टेंपो की टक्कर में युवक की मौत, दोस्त गंभीर रूप से घायल

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** थाना भोजीपुरा के गांव भूड़ा निवासी 25 वर्षीय रवि की सोमवार शाम एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त भूपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। ये हादसा उस समय हुआ जब दोनों दोस्त बरेली जंक्शन से किसी दोस्त से मिलकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। मृतक के पिता रामपाल ने बताया है कि रवि अपने दोस्त भूपेंद्र के साथ बाइक से लौट रहा था। जब वे सुभाष नगर थाने के सामने पहुंचे, तभी उनकी बाइक और एक टेंपो की टक्कर हो गई। इस भीषण टक्कर में रवि की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भूपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रवि की जेब में मिले कागजातों के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के अनुसार, रवि पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा था और कारीगरी का काम करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रवि की मां फूलन देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# हर घर तिरंगा अभियान की सफलता हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

**वेलकम इंडिया**



**संत कबीर नगर।** ₹हर घर तिरंगा₹ अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी, संत कबीर नगर की एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संगोष्ठी, मौन जुलूस, प्रदर्शनी, शहीदों के स्मारकों की साफ-सफाई, शहीद परिवारों का सम्मान तथा प्रत्येक मंडल एवं विधानसभा स्तर पर तिरंगा यात्रा निकालने सहित व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम ने कहा कि ₹हर घर तिरंगा अभियान केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति की अभिव्यक्ति है। देश के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा अपने घर पर फहराकर देशप्रेम का परिचय दे।₹ कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहीं जिलाध्यक्ष नीतू सिंह ने कहा कि ₹तिरंगे के प्रति सम्मान जागृत करना तथा युवा पीढ़ी को देश के इतिहास से जोड़ना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। हम हर घर में तिरंगा फहराने के लिए जनसंपर्क व जागरूकता कार्यक्रम चलाएंगे।₹ बीकार्यक्रम का संयोजन गणेश पाण्डेय ने किया जबकि संचालन दीपू सिंह द्वारा किया गया। सभी वक्ताओं ने शहीद स्मारकों की सफाई व उनके परिजनों के सम्मान को राष्ट्र के प्रति श्रद्धा का प्रतीक बताया और अधिक से अधिक नागरिकों से अभियान में जुड़ने की अपील की। कार्यशाला में विधायक अंकुर राज तिवारी, विधायक गणेश चौहान, गौरव निषाद, हैप्पी राय, अशोक यादव, जुबेर अहमद शाह, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों ने हर घर तिरंगा फहराने तथा लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।

# शैलेंद्र कुमार एडवोकेट द्वारा टोयोटा मोटर्स कंपनी के अधिवक्ता होने के नाते जीता मुकदमा

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** जनपद में अनेक कंपनियों के प्रोडक्टों में कोई कमी आने पर प्रोडक्ट खरीदने वाले व्यक्ति द्वारा मुकदमे जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में दर्ज होते आ रहे हैं। जिसमें कंपनी के अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में अपनी बात को विस्तार से रखकर कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए अनेक प्रयास करते आ रहे। जिसमें वह अनेक सबूत एवं गवाह न्यायालय में पेश कर रहे। जिनके आधार पर न्यायालय के न्यायाधीश अथवा अध्यक्ष द्वारा फैसला मुकदमे में सुनाया जा रहा। जिसमें प्रोडक्ट खरीदने वाले व्यक्ति द्वारा भी अपने अधिवक्ता द्वारा अपनी बात न्यायालय में रखी जा रही। दोनों पक्षों की पैरवी को सुनकर न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा अहम फैसला सुनाया जा रहा। ऐसा ही एक मामला बुलंदशहर के जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में देखने को मिला है। जहां एक व्यक्ति मोहम्मद शब्बर द्वारा टोयोटा मोटर्स कंपनी पर मुकदमा दर्ज कराया जिसमें बताया गया कि एक कार खरीदने के उपरांत सुविधा के अनुसार कार में एयरबैग नहीं खुलने से दुर्घटना हो गई।

# एनसीआरटीसी ने की नमो भारत शॉर्ट-फिल्म मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार




एनसीआरटीसी ने मंगलवार, 5 अगस्त 2025 को नमो भारत शॉर्ट-फिल्म मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य युवा फिल्म निमार्ताओं के कैमरे से नमो भारत पर नए, रचनात्मक दृष्टिकोण को दशार्ना था । एनसीआरटीसी द्वारा इस प्रतियोगिता के टॉप तीन विजेताओं की घोषणा और सम्मान एक समारोह में किया गया। दिसंबर 2024 में इस प्रतियोगिता की घोषणा करते हुए देश भर के कॉलेज के छात्र/छात्राओं, स्वतंत्र फिल्म निमार्ताओं और महत्वाकांक्षी कंटेंट क्रिएटर्स को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत, प्रतिभागियों को ऐसी मौलिक शॉर्ट-फिल्म का निर्माण और सबमिशन करना था जिसमें नमो भारत ट्रेनों और स्टेशनों को उनकी कहानी के एक अभिन्न अंग के रूप में चित्रित किया गया हो। इस प्रतियोगिता के थीम के रूप में नमो भारत ट्रेनों और स्टेशनों को फिल्मों की सक्रिप्ट में एक विषय के बजाए एक ऐसे पात्र के रूप में चित्रित करना था जो कहानी को एक अर्थ देते हैं ।इस पहल को लेकर लोगों की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक और व्यापक रही तथा एनसीआरटीसी को देश भर से 300 से ज्यादा इच्छुक लोगों ने अपने सवाल भेजे। साथ ही, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र आदि जैसे राज्यों से लगभग 83 कहानियाँ एंट्रीज के रूप में प्राप्त हुईं। इनमें से, प्रासंगिक विषयवस्तु वाली 30 योग्य टीमों को नमो भारत स्टेशनों पर और ट्रेनों में फि ल्मांकन के लिए आमंत्रित किया गया। इन एंट्रीज में सिनेमाई भाषा और कल्पना की समृद्ध विविधता साफ झलकती है। एक पारदर्शी और गहन चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए, इन प्रविष्टियों का एक बहु-स्तरीय मूल्यांकन किया गया। प्रारंभिक इंटरनल स्क्रीनिंग के बाद, चयनित फिल्मों की समीक्षा फिल्म उद्योग के जाने-माने व्यक्तियों की एक प्रतिष्ठित स्वतंत्र जूरी द्वारा की गई। चयनित फिल्मों का मूल्यांकन उनकी कहानी कहने की कला, मौलिकता, नमो भारत का कहानी में एकीकरण और समग्र सिनेमाई प्रभाव के आधार पर किया गया।

# छावनी परिषद ने बारिश के मौसम में सांप पकड़ने हेतु विशेष टीम का किया गठन, हेल्पलाइन नंबर जारी

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



**मेरठ**। बरसात के मौसम में सांप निकलने की घटनाओं को देखते हुए छावनी परिषद् मेरठ द्वारा एक विशेष सर्प पकड़ने वाली टीम का गठन किया गया है। इस टीम में तीन प्रशिक्षित सदस्य शामिल हैं और इसे आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया है। टीम का कार्य सांप को सुरक्षित रूप से पकड़ना और प्राकृतिक स्थान पर छोड़ना है, ताकि न तो लोगों को कोई खतरा हो और न ही वन्यजीवों को क्षति पहुंचे। मंगलवार को मुख्य अधिशासी अधिकारी जाकिर हुसैन ने जानकारी देते हुए कहा-बरसात के मौसम में नमी और जलभराव के कारण सांप खुले स्थानों और रिहायशी क्षेत्रों में आ सकते हैं।

छावनी निवासी भयभीत न हों। सांप दिखाई देने पर तुरंत कैंट बोर्ड हेल्पलाइन नंबर 9837065945/9258533889 पर संपर्क सकें। हमारी विशेष टीम 24 घंटे तत्पर है और सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर सांप को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की कार्रवाई करेगी। उन्होंनें सभी कैंट निवासियों से अपील की है कि बरसात के मौसम में घरों के आस-पास झाड़ियों की सफाई रखें, कचरे का जमाव न होने दें और किसी भी संदिग्ध स्थान पर अनावश्यक रूप से हाथ न डालें।

# गहोई वैश्य महिला सभा बुंदेलखंड क्षेत्र द्वारा हरियाली तीज एवं राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त जी की जयंती मनाई गई

वेलकम इंडिया



झांसी होटल में गहोई वैश्य महिला सभा द्वारा हरियाली तीज एवं राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त जी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला सभा की क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीमती प्रभा सरावगी ने की, कार्यक्रम में महिलाओं ने राष्ट्रकवि के राष्ट्र निर्माण में योगदान एवं साहित्यिक योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही महिलाओं ने हरियाली तीज के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। कार्यक्रम की संयोजिका साधना सांवला, मंजू चउदा, नीलम सरावगी, भारती चउदा, गीता कनकने, मीना घुरा रहीं। कार्यक्रम में महिला सभा की संरक्षक कुसुम बिस्वारी, अर्चना बरसैंया ने दद्दा जी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सचिव रजनी कनकने, कोषाध्यक्ष वंदना सेठ, सरोज ददरया, संजना महतेले, सोनिया डेंगरे, गोल्डी सेठ, रुचि मर, कुसुम सेठ, मंजू कंदेले, सुनीता कनकने, निधि नगरिया, विनीता नगरिया, सीमा रूसिया,दिव्य नगरिया, रजनी सेठ, सुमन सरावगी, वंदना पहाड़िया, विनीता चउदा, स्वप्निल मोदी, रत्ना सिजरीया आदि उपस्थित रहीं।

# आरोपी देवर गिरफ्तार कर भेजा जेल भाभी के साथ दुष्कर्म का मामला

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी विवाहिता ने अपने पति पर तीन तलाक देने और देवर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी देवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव माल्हीपुर निवासी आरिफ ने अपनी पुत्री की शादी वर्ष 2021 में क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी सलीम पुत्र सबदर के साथ की थी। पीड़िता का आरोप है की शादी के बाद से ही पति सहित ससुराल पक्ष के लोग पीड़िता के साथ मारपीट करते हुए शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करते थे। आरोप है कि एक माह पूर्व पीड़िता अपने घर पर अकेली थी। इसी बीच पीड़िता का देवर पीड़िता के घर पहुंचा और पीड़िता को नशीला पदार्थ पिलाकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पीड़िता ने मामले की जानकारी अपने पति को दी तो आरोप है कि पीड़िता के पति ने पीड़िता के साथ मारपीट करते हुए तीन तलाक दे दिया था। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। मंगलवार को पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी देवर वसीम पुत्र सबदर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दुष्कर्म के आरोपी देवर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# एसपी से की शिकायत बेटी के साथ छेड़छाड़ बेटे को बंधक बनाकर पिता

वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी महिला ने मोहल्ले के ही कई लोगों पर पीड़िता के पुत्र को बंधक बनाकर मारपीट करने और पीड़िता की पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसपी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। एसपी ने स्थानीय पुलिस को मामले में कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता के पुत्र ने मोहल्ले के ही एक युवक की दुकान को किराए पर ले रखा है। पीड़िता का आरोप है की दुकान मालिक पीड़िता के पुत्र को अपने घर बुलाकर ले गया और घर के अंदर बंधक बना लिया। आरोप है कि दुकान मालिक ने अपने परिवार के कई लोगों के साथ मिलकर पीड़िता के पुत्र के साथ जमकर मारपीट की। शोर शराबा सुनकर पीड़िता की नाबालिग पुत्री भी मौके पर पहुंच गई। आरोप है कि उक्त लोगों ने पीड़िता की पुत्री को बुरी नियत से दबोच लिया, और छेड़छाड़ की। पीड़िता ने स्थानीय पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए एसपी राम सेवक गौतम को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। एसपी रामसेवक गौतम ने स्थानीय पुलिस को मामले में कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

# 15वीं महागंगाभिषेक यात्रा हुई सम्पन्न



वेलकम इंडिया

**झांसी** । हिन्दू युवा वाहिनी झाँसी द्वारा आयोजित 15वीं महागंगाभिषेक यात्रा का अत्यंत दिव्य और ऐतिहासिक आयोजन नगर में संपन्न हुआ। यह पदयात्रा, जो नगर निगम झांसी परिसर से प्रारंभ होकर मढ़िया महादेव महाकालेश्वर मंदिर, गोविंद चौराहा तक पहुंची, जनसैलाब और भक्ति की अलौकिक छवि के रूप में सामने आई। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यक्रम संयोजक - हिन्दू युवा वाहिनी प्रदेश मंत्री संतोष शाक्या द्वारा किया गया, जो वर्ष 2010 से इस धर्मयात्रा और संघर्ष के प्रमुख पथप्रदर्शक रहे हैं। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हिन्दू युवा वाहिनी उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अशोक सिंह जी की गरिमामयी उपस्थिति ने पूरे आयोजन को विशेष गौरव प्रदान किया। महागंगाभिषेक यात्रा के माध्यम से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवा ध्वज के साथ, हर हर महादेव और जय श्री राम के जयघोष करते हुए पदयात्रा में भाग लिया। महिलाओं, युवाओं, संतजनों एवं नगरवासियों की सहभागिता ने इस आयोजन को जनआंदोलन का रूप दे दिया ।यह वही स्थल है जहां वर्ष 2013 हिन्दू युवा वाहिनी के इसी महागंगाभिषेक यात्रा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रशासन द्वारा कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर रोका गया था, जिसके बाद यह आंदोलन पूरे प्रदेश में सुर्खियों में आया।

# वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल प्रेमी युगल को पकड़ा

वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे के रेलवे मार्ग पर कई लोगों ने एक प्रेमी युगल को पकड़ लिया और उनसे पूछताछ की पकड़े गए युवक ,युवती से स्थानीय लोग उनके परिजनों के बारे में जानकारी जुटाई और पूछताछ करने के बाद पुलिस को सूचना दिए बिना स्थानीय लोगों ने चेतावनी देकर छोड़ दिया मामला चर्चा का विषय बना रहा। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। मंगलवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गई वायरल वीडियो में कई लोग एक युवक एवं युवती से पूछताछ करते हुए नजर आ रहे हैं। जिसमें कई लोग युवक एवं पकड़े गए युवती से पूछताछ कर उसके परिजनों के बारे में जानकारी कर रहे हैं। 37 सेकंड की वीडियो में पकड़े गए युवक एवं युवती अपने आप को बेगुनाह बताते हुए अपने मोबाइल लोगों को सौंप कर अपने परिजनों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। मगर भीड़ अपनी जिद पर अड़ी हुए हैं और युवक और युवती से उनके परिजनों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दिए बिना युवक एवं युवती को छोड़ दिया वायरल वीडियो चर्चा का विषय बनी रही। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार क्या कहना है कि वायरल वीडियो की पुलिस को जानकारी नहीं है।

# बुंदेलखंड राज्य का वादा नहीं निभाने पर प्रधानमंत्री , गृह मंत्री एवं रक्षा मंत्री के पुतले को लेकर सत्ताधीशों के दबाब मैं पुलिस से हुई जमकर झूमा झटकी

वेलकम इंडिया



**झांसी!** बुंदेलखंड राज्य निर्माण की वादा खिलाफी के विरोध मे बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानू सहाय के नेतृत्व मे बुंदेली योद्धा प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं रक्षा मंत्री के पुतले को आग के हवाले नहीं कर पाये कसम राम की खाते है, बुंदेलखंड राज्य बनवाएंगे और बहुत सहा है अब न सहेगें, बुंदेलखंड तो लेकर रहेगे के नारे लगाते हुए गांधी पार्क से प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं रक्षा मंत्री के पुतले लेकर कचहरी चौराहे पहुंचे तो वहाँ बड़ी संख्या मे उपस्थित पुलिस बल पुतले को छीनना चाहा पर मोर्चा के योद्धाओं ने पुतले को जलाने का प्रयास किया। बुंदेली योद्धाओं के साथ पुतले को लेकर जमकर झूमा झटकी हुई अंत मे कड़ी मशक्कत करके पुतले को आग लगाने के पहले पुलिस ने छीन लिया यह सत्ता धारी जनप्रतिनिधियों ने मुखबिरी करके जो पुतला छुड़ाने का कार्य किया उसका खामियाजा इन्हें भुगतना पड़ेगा बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं रक्षा मंत्री का पुतला फूकना नहीं चाहता परन्तु अखण्ड बुंदेलखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने खासकर सांसदो द्वारा बुंदेलियों की शीघ्र राज्य निर्माण की भावनाओ से पत्र लिख कर न तो अवगत करवाया है और न ही लोक सभा मे प्राइवेट मेम्बर बिल रखा इसलिए मोर्चा को पुतला फूकने का कार्य करना पढ़ा अखण्ड बुंदेलखंड के सांसदों का आचरण एवं व्यवहार बुंदेलखंड राज्य निर्माण के विरोध का है जो बुंदेलियो में आक्रोश भरता जा रहा है पुतला फूकने कर प्रयास करने वालों मे एडवोकेट अशोक सक्सेना महामंत्री, , रघुराज शर्मा प्रवक्ता, वरुण अग्रवाल कोषाध्यक्ष, गिरजा शंकर राय , हनीफ खान, कुंवर बहादुर आदिम,प्रदीप नाथ झा, सी डी लिटोरिया, कलाम कुरैसी,गोलू ठाकुर ,रामजीसिंह जादौन, ब्रजेश राय, सचिन साहू, विजय रायकवार, शंकर रायकवार, घनश्याम गौत्तम, अभिषेक तिवारी,प्रेम सपेरे, प्रभु दयाल कुशवाहा,अनिल कश्यप जिलाध्यक्ष, आशीष रायकवार अध्यक्ष महानगर, , राजेंद्र कुमार पूर्व पार्षद, हरीश वीरू , राजेश लोहिया, अलीशान, शाहजहाँ बेगम, कुंती राय, राधा वर्मा, आशमा, बॉबी, चौधरी राहत कुरैशी, सिकंदर खान, दिलीप रायकवार आदि उपस्थित रहे।

# संघर्ष सेवा समिति द्वारा आयोजित 'एक शाम किशोर दा के नाम' में झूमी झाँसी की जनता

वेलकम इंडिया



**झाँसी**। हिंदी सिनेमा जगत के लोकप्रिय गायक किशोर कुमार की 96वीं जयंती के अवसर पर संघर्ष सेवा समिति द्वारा 'एक शाम किशोर दा के नाम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन दीन दयाल सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झांसी नगर निगम के महापौर बिहारी लाल आर्य, मुंबई से आमंत्रित फिल्म निमार्ता, निर्देशक व लेखक राज शांडिल्य एवं पार्श्व गायक शैलेंद्र कुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में भानु सहाय, ब्लॉक प्रमुख इंजीनियर भारतीय आर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने की। अतिथियों के आगमन पर मुख्य आयोजक डॉक्टर संदीप सरावगी व संयोजक जीतू देव आनंद द्वारा तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तत्पश्चात अतिथियों व आयोजक द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में आमंत्रित गायकों द्वारा किशोर कुमार के गानों पर बेहतरीन प्रदर्शन किया गया जिस पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रोतागण हर्ष से झूम उठे। कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित गायकों में शैलेंद्र कुमार, संदीप राय व राज शांडिल्य, संध्या कश्यप ने स्पेशल परफॉर्मेंस दी वहीं क्षेत्रीय गायकों में महेंद्र सेन, सुनील निगम, सिराज खान, रामकुमार लोहिया सहित दर्जनों गायकों ने किशोर कुमार के गानों पर अपनी प्रस्तुति देकर समा बांधा। कार्यक्रम में वरिष्ठ कवियित्री, लेखिका व समाजसेवी सुधा चौधरी एवं युवा समाजसेवी शनी जैन को प्रशस्ति पत्र व प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# मोहल्ले के लोगो ने किया हंगामा प्रदर्शन विद्युत आपूर्ति ठप

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे के मोहल्ला शांति नगर के लोगों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा प्रदर्शन किया। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि एक और तो लगातार लोगों में चोरों का खौफ पैदा है, जबकि दूसरी ओर कई दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप है ।शिकायत के बाद भी बिजली विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। मोहल्ले के लोगों ने हंगामा प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर विद्युत आपूर्ति बहाल किए जाने की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला शांति नगर निवासी सुरेंद्र, रामवीर, मनोज, इंद्रपाल, जयवीर, सहदेव, आरिफ, एहसान, मुस्तकीम व खुर्शीद सहित आदि लोगो ने मंगलवार को विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा प्रदर्शन किया। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों का शोर मचा है। लोग अपने-अपने मोहल्लो में पहरा देने को मजबूर हैं। वहीं शांति नगर में कई विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होकर गिर गए हैं। जिसके चलते मोहल्ले की विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी है, एक और चोरों को खौफ तो दूसरी और विद्युत आपूर्ति ठप होने के चलते मोहल्ले के लोगों में विद्युत विभाग के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है। मोहल्ले के लोगों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर विद्युत आपूर्ति बहाल किए जाने की मांग की है।

# मंडल स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में गाजियाबाद के तैराकों का दबदबा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज के तत्वाधान में, डॉ के एन मोदी ग्लोबल पब्लिक स्कूल के तरणताल में इंटरमीडिएट कॉलेज तैराकी प्रतियोगिता का मंडल स्तरीय आयोजन कराया गया।इस प्रतियोगिता में मेरठ मंडल के पाँच ज़िलों, बुलंदशहर, मेरठ, बागपत, गौतम बुद्ध नगर एवं गाज़ियाबाद के तैराकों ने प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल ने किया। डॉ अग्रवाल ने कहा कि सच्चा खिलाड़ी अनुशासन, खेल भावना एवं मेहनत के द्वारा अपनी प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है। मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर, खेल प्रशिक्षक राजीव सिंह ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ साथ खेलों का भी विशेष महत्व है,इससे स्वस्थ शरीर, आपसी सहयोग एवं भाईचारे की भावना का विकास होता है। आज करायी गई प्रतियोगिताओं में अंडर-19 वर्ग की फ्री-स्टाइल 50 मीटर एवं 100 मीटर स्पर्धा में अर्चित गाज़ियाबाद प्रथम एवं विशेष गाज़ियाबाद द्वितीय स्थान पर रहे।200 मीटर में विशेष गाज़ियाबाद प्रथम तथा साहिल गाज़ियाबाद द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि 400 मीटर स्पर्धा में फरदीन गाज़ियाबाद प्रथम तथा सिद्धार्थ गाज़ियाबाद द्वितीय स्थान पर रहे। इसी वर्ग की 50 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में अर्चित गाज़ियाबाद प्रथम अश्वनी बागपत दित्तीय 100 मीटर स्पर्धा में जुनैद राज बुलंदशहर प्रथम नकुल गौतमबुद्धनगर द्वितीय स्थान पर रहे रहे।इसी वर्ग की बैकस्ट्रोक स्पर्धा मे शाहिल गाज़ियाबाद तथा नकुल गौतमबुद्ध नगर ने अपने अपने मुकाबले जीते। अंदर-17 वर्ग की 50 मी फ्रीस्टाइल स्पर्धा में लक्ष्मण गाज़ियाबाद प्रथम, रमन बुलंदशहर द्वितीय, 100 मीटर स्पर्धा में विराट गाज़ियाबाद प्रथम शरद बुलंदशहर द्वितीय, 200 मीटर स्पर्धा में लक्ष्मण गाज़ियाबाद प्रथम यशपाल बुलंदशहर द्वितीय तथा 400 मीटर स्पर्धा में लक्ष्मण गाज़ियाबाद प्रथम तथा कुनाल गाज़ियाबाद द्वितीय स्थान पर रहे।अंडर -17 बटरफ्लाई की 50 मी स्पर्धा में नीरज बुलंदशहर प्रथम लक्ष्मण गाज़ियाबाद द्वितीय तथा 100 मीटर स्पर्धा में लक्ष्मण गाज़ियाबाद प्रथम तथा तनिष्क गाज़ियाबाद द्वितीय स्थान पर रहे।अंडर-14 के 50 मीटर एवं 100 मीटर स्पर्धा में कैशव मेरठ प्रथम तथा निशांत गाज़ियाबाद द्वितीय स्थान पर रहे। डाइविंग स्पर्धा में फैजान बागपत प्रथम स्थान पर रहे। खेल प्रशिक्षक राजीव सिंह के अनुसार प्रदेश स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता 18-20 अगस्त 2025 तक लखनऊ में आयोजित कराई जाएंगी।प्रतियोगिता को संपन्न कराने में गाज़ियाबाद के खेल प्रशिक्षक बाबूराम जयवर्धन सिंह राजीव सिंह दीप्ति उज्जवल वीरव्रत अजय आशीष अजीत, बुलंदशहर के खेल प्रशिक्षक मुनिंदर, अनुज शर्मा बागपत के नीरज चौधरी, गौतमबुद्ध नगर के नवनीत व राकेश मेरठ के नरेंद्र व दुष्यंत आदि का विशेष सहयोग रहा।

# विधायक डॉ मंजू शिवाच ने निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक डॉ. मंजू शिवाच द्वारा दो महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का लोकार्पण संपन्न हुआ। गांव विद्यापुर में विधायक निधि से निर्मित शाहजहांपुर रोड से भोपाल सिंह के खेत तक खड़ंजा निर्माण कार्य का लोकार्पण फीता काटकर किया गया। इस कार्य की अनुमानित लागत 4.71 लाख है। गांव शाहजहांपुर में विधायक निधि से निर्मित शाहजहांपुर मेन रोड से टिंकू पुत्र कमरपाल सिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य का लोकार्पण भी फीता काटकर संपन्न हुआ। इस कार्य की अनुमानित लागत 3.07 लाख है। इस अवसर पर विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने ग्रामीणों से भेंट कर उनका हालचाल जाना एवं उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इन विकास कार्यों से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा एवं स्वच्छ और सुदृढ़ बुनियादी ढांचा प्राप्त होगा।

# दीक्षांत समारोह आयोजित



वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। प्रतिष्ठित ज्योतिष संस्थान कउअर इंडियन काउन्सिल ऑफ ऐस्ट्रलाजिकल साइंसेस के तत्वावधान मे सरस्वती शिशु मंदिर नेहरू नगर मे चल रहे गाजियाबाद चैप्टर के अंतर्गत रविवार 03 अगस्त 2025 को दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। जानकी सभागार, कवि नगर मे राष्ट्रीय अध्यक्ष (पूर्व) प्रो. ए बी शुक्ल जी, रा. उपाध्यक्ष श्री के रंगाचारी जी, श्री रोहित वेदी जी, श्री त्यागराजन जी ने दीप प्रज्वलित किया। पं. त्रिविक्रम ने सभी गुरुजन, आचार्य एवं विद्यार्थियों के साथ श्री गणेश व माँ सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम का विधिवत प्रारंभ किया। (गाजियाबाद चैप्टर) के प्रमुख श्री धीरेंद्र वधवा व चैप्टर के शिक्षकों ने सभी गणमान्य गुरुजन एवं अन्य चैप्टर प्रमुखों का अभिनंदन, स्वागत किया। 08 अगस्त को स्व. डॉ बी वी रामन जी की जन्म जयंती पर ज्योतिष को विज्ञान के शोध व प्रसार मे अतुलनीय योगदान के लिए स्व. श्री रामन जी, स्व. श्री केदार जी, स्व. श्री जस्टिस कपूर जी, स्व. श्री भोलानाथ शुक्ला जी एवं सभी गुरुजन को याद व नमन किया गया। कार्यक्रम का प्रारभ गरुड-गमन व निर्वाण-षटकम् के उच्चारण के साथ हुआ। संस्थान के रा. अ. श्री शुक्ल जी ने रामायण, अध्यात्म व ज्योतिष विज्ञान पर अपना व्याख्यान दिया व पांडुलिपियों पर की जा रहे कई शोध के बारे मे बताया। सप्तचक्र जागरण, ध्यान प्रक्रिया आदि का भी विस्तृत वर्णन व ध्यान सेशन का आयोजन हुआ। सभी रा. उपाध्यक्ष ने ज्योतिष विज्ञान पर अपने विचार रखे व उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई के साथ शोध कार्य मे आगे आने के लिए प्रेरित किया। उत्तीर्ण छात्रों को पटका, सर्टिफिकेट व पुस्तक से सम्मानित एवं नए छात्रों का स्वागत किया गया। संस्थान काउन्सल की ओर से श्री धीरेन्द्र वधवा, श्री ललित खैर व श्रीमती कामाक्षी वधवा को ज्योतिष वाचस्पति व ज्योतिष कोविद की उपाधि से सम्मानित किया गया। गाजियाबाद पू-प्रमुख श्री के-सी अग्रवाल जी की ओर से उनकी पत्नी ने अभिनंदन स्वीकार किया। कार्यक्रम का संचालन चैप्टर प्रमुख के साथ श्री हरीश, श्री मनीष, श्रीमती कामाक्षी, श्री ललित ने किया, जिसमे प्रीति, अनुपमा, अंशु, यानेश, करण, बबीता, निधि व कई छात्रों ने व्यवस्था मे अपना पूर्ण योगदान दिया। अंत में संस्थान ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों व विद्वजनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया ज्योतिष, हस्त रेखा, नाड़ी, वास्तु, नक्षत्र, रिसर्च के रेगुलर कोर्स के अलावा टैरो व अंक ज्योतिष पर वैबीनार व कोर्स गाजियाबाद चैप्टर मे चल रहे हैं। अगला सम्मेलन सितंबर मे होगा।

# किडजी प्री-स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक एवं आधार कार्ड कैंप का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**।सीकरी कलाँ स्थित किडजी प्री-स्कूल, मोदीनगर में अभिभावक-शिक्षक बैठक का सफल आयोजन किया गया, जिसके साथ-साथ आधार कार्ड कैंप भी आयोजित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा करना था, बल्कि अभिभावकों को सुविधाजनक रूप से आधार सेवाएं उपलब्ध कराना भी था। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंध निदेशक श्री अनमोल बंसल ने कहाः "आधार हमारी पहचान है, और एक ज़िम्मेदार नागरिक होने के नाते यह हमारा कर्तव्य है कि हम सभी के पास सही और अपडेटेड आधार हो।" कार्यक्रम में प्रधानाचार्य तारिका माटा की देखरेख में सभी शिक्षकगण और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उपस्थित शिक्षकों में श्रीमती रीता वर्मा, स्नेहा, अंतीमा शर्मा, फि जा जैदी, साक्षी वत्स, गीता मेहरा, भावना और स्वाति शामिल थीं। किडजी मोदीनगर क्षेत्र का एक अग्रणी प्री-स्कूल है, जो बच्चों को एक सुरक्षित, संस्कारयुक्त और सीखने के लिए प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करता है। यहां बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को रचनात्मक गतिविधियों, स्मार्ट शिक्षण विधियों और व्यक्तिगत देखभाल के माध्यम से मजबूत किया जाता है। यह संयुक्त कार्यक्रम सभी के सहयोग से बेहद सफल रहा और अभिभावकों व शिक्षकों के बीच संवाद का एक बेहतरीन अवसर बना।

# श्री श्री 1008 डॉ. सचिंद्रनाथ महाराज पीठाधीश्वर-श्रीकुल पीठ का ग्रामीणों ने किया स्वागत



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद**। ब्रह्मराष्ट्र एकम् विश्व महासंघ ट्रस्ट द्वारा आयोजित "सनातन सद्भावना संकल्प यात्रा" मंगलवार को कछवांरोड (ठठरा) मैहर माता मंदिर से होते हुए श्री बाबा विश्वनाथ मंदिर के लिए निकला।इस दौरान काफी संख्या में सनातन धर्म से जुड़े लोग यात्रा में शामिल रहे व हर हर महादेव का उद्घोष करते रहे।यात्रा जब मिजार्मुराद बाजार में पहुंची तो बाजार में भाजपा के वरिष्ठ नेता व स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय के प्रबंधक संजीव सिंह गौतम व समाजसेवी विनीत त्रिपाठी के नेतृत्व में यात्रा में शामिल श्री श्री 1008 डॉ. सचिंद्रनाथ महाराज पीठाधीश्वर-श्रीकुल पीठ का फूल माला व अंगवस्त्र एवं मोमेंट देकर भव्य स्वागत किया गया।

# दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री का व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने स्वागत किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े पदाधिकारियों ने दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री वीरू साहनी का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। कदराबाद स्थित व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री सतीश अग्रवाल के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री वीरू साहनी का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री एवं मत्स्य सहकारी संघ अध्यक्ष वीरू साहनी ने केंद्रीय एवं प्रदेश सरकार द्वारा मत्स्य विभाग संबंधी जारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। व्यापारियों की सुरक्षा एवं उनके हितों को लेकर मंत्री साहनी ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश में व्यापारियों के हितों को लेकर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समय-समय पर हमेशा उचित निर्णय लेते रहे हैं।व्यापारी हितों की सुरक्षा करना हमारी सरकार का पहला कर्तव्य है। इसीलिए व्यापारियों को किसी भी तरह से परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। इस मौके पर मौजूद रहे व्यापारी पदाधिकारियों के अलावा गणमान्य व्यक्तियों में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मंत्री सतीश अग्रवाल,निर्दोष खटाना,सत्येंद्र गुप्ता,सभासद बलराज सिंह,सभासद मोनू चौधरी देवेंद्र पुरी,डॉ महेश, अरुण चौहान, गौरव रुहेला,अजय चौधरी,वरिष्ठ नेता नागेंद्र कश्यप,वाल्मीकि नेता अमित तिसावड़,जगदीश मदान, रजत अग्रवाल आदि अनेकों लोग शामिल रहे।

# नव नियुक्त एसीपी अमित सक्सेना का स्वागत किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**।ए न्यू होप फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने मोदीनगर के नव नियुक्त सहायक पुलिस आयुक्त अमित सक्सेना से एक मुलाकात की ओर गुलदस्ता देकर अभिनंदन एवं स्वागत किया। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष रवींद्र कुमार के साथ सरदार गुरमीत सिंह,जितेंद्र त्यागी,रवि गोयल, सत्य नारायण शर्मा, नीरज चौधरी साथ रहे।रवींद्र चौधरी ने एसीपी साहब को शहर की कानून व्यवस्था में हर तरह का सहयोग देने का विश्वास दिलाया।

# वृंदावन की मशहूर भजन गायिका के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

वेलकम इंडिया



**जहांगीराबाद**। वृंदावन की मशहूर भजन गायिका के विरुद्ध एक महिला डॉक्टर ने गंभीर आरोप लगाते हुए संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर की मौहल्ला पुख्ता बाजार निवासी डॉक्टर रुचि बंसल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 20 दिसंबर 2024 को उसके पति डॉक्टर अरुण बंसल की मानेसर हॉस्पिटल गुड़गांव में मृत्यु हो गई। इससे पूर्व दोनों के बीच मन मुटाव के चलते तलाक का मुकदमा चला था। जिसमें माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने 26 मार्च 2019 को डॉक्टर अरुण बंसल को दूसरी शादी करने से निषेधित किया था, जो कि अभी तक प्रभावी है। भजन गायिका दीपा सिंह निवासी पुष्पांजलि एनक्लेव वृंदावन की शादी स्वर्गीय अरुण बंसल से नही हुई थी। दीपा सिंह कोई विवाह प्रमाण पत्र दर्शित करती हैं तो वह फर्जी में अवैध है। महिला डॉक्टर की ओर से कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है दीपा कभी मौहल्ला पुख्ता बाजार जहांगीराबाद में नहीं रही, उसने अपना आधार कार्ड भी गलत पते पर फर्जी तरीके से बनवा रखा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दीपा उसके पति की संपत्ति को हथियाने की साजिश कर रही है। दीपा ने जालसाजी करके डॉक्टर अरुण बंसल के मृत्यु प्रमाण पत्र में भी पत्नी के नाम में दीपा सिंह अंकित करा दिया है।

# हमें अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए: विनोद



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**।गंग नहर स्थित श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में एनवायरमेंट क्लब की ओर से पेड़ों की रक्षा के लिए वृक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार,एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार ने पेड़ों को हस्तनिर्मित राखी बांधकर कार्यक्रम का श्री गणेश किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने सभी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह वृक्षाबंधन पेड़ों की रक्षा व उनके संरक्षण का कार्यक्रम है। हमें इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर पेड़ पौधों की रक्षा की शपथ लेनी चाहिए ।जिससे हम अपने आसपास के वातावरण को हरा भरा व सुंदर बना सके। तथा आने वाली पीढ़ी को हरा भरा पर्यावरण व शुद्ध वायु दे सकें। इसलिए हमें अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए तथा पेड़ लगाकर उनकी रक्षा करनी चाहिए। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं व एनवायरमेंट क्लब के सदस्यों ने पेड़ों को हस्त निर्मित राखी बांधकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार, एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार, एनवायरमेंट क्लब के संस्थापक सावन कनौजिया, गाजियाबाद टीम के सदस्य उत्कर्ष शर्मा, मनीष राठौर, परवेज, कशिश, अर्शी , जोया, आंचल, ऋतिक ,आदि लोग उपस्थित थे।


SRMIST 40 A LEGACY UNFOLDS | ACCREDITED BY NAAC GRADE A++ | SRM INSTITUTE OF SCIENCE AND TECHNOLOGY DELHI-NCR CAMPUS, GHAZIABAD (U.P.)



WE ARE HIRING

Junior Research Fellow
Department of Chemistry

1. Project Details: $CO_2$ Methanation over Green Bifunction Metallic Catalyst to maximize the $CH_4$ production with stability" Funded by CMPDI, Ministry of Coal.
2. Principle Investigator: Prof. (Dr.) A.Geetha Bhavani
3. No of Positions: 01
4. Duration of the Project: 2 years
5. Job Description: Knowledge on Mixed Oxides and Materials Characterization tools.
6. Functional Area: Research
7. Essential Qualification: MSc. Chemistry with minimum of 55% marks or equivalent CGPA.

WALK IN INTERVIEW

Note: Candidate may reach to Email: dean.research.ncr@srmist.edu.in

+91 9520876929 | www.srmup.in | DELHI-NCR CAMPUS Ghaziabad U.P.





# जनपदवासियों ने किया जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ का स्वागत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नवनियुक्त जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मांदड़ ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई कर शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। इस अवसर पर जनपद के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा जिलाधिकारी महोदय का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात उन्होंने कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्किंग व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में यातायात व्यवस्था व्यवस्थित हो तथा अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आगंतुकों को पार्किंग संबंधी कोई असुविधा न होने पाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल, एडीएम एल/ए श्री विवेक मिश्र, अपर जिलाधिकारी नगर श्री विकास कश्यप, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. सन्तोष कुमार उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।













## समाधान दिवस पर रईसपुर गुलघर रोड की क्षतिग्रस्त सड़क के पुनर्निर्माण की मांग पर हुई सुनवाई



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर रईसपुर गुलघर रोड की क्षतिग्रस्त सड़क को लेकर स्थानीय नागरिकों की ओर से गंभीर शिकायत प्रस्तुत की गई। यह सड़क बिजली विभाग द्वारा पाइप डालने के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे राहगीरों एवं क्षेत्रीय जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस जनसमस्या को प्रमुखता से उठाते हुए भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने समाधान दिवस में उपस्थित अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव तथा सहायक अभियंता एस. पी. मिश्रा से विस्तृत चर्चा की और संबंधित सड़क की मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग रखी। प्रदीप चौधरी ने अधिकारियों को अवगत कराया कि यह मार्ग अत्यधिक आवागमन वाला है और सड़क के टूटने से रोजमर्रा की आवाजाही बाधित हो रही है। उन्होंने आग्रह किया कि नागरिकों की सुविधा के लिए तुरंत मरम्मत कार्य कराया जाए। इस मुद्दे पर महापौर सुनीता दयाल एवं नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गंभीरता से संज्ञान लिया गया।

उनके निर्देश पर अपर नगर आयुक्त ने कविनगर जोन के अधिकारियों से तत्काल संपर्क साधा और मौके की स्थिति जानकर शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। नगर निगम अधिकारियों द्वारा समाधान दिवस पर की गई इस सक्रिय सुनवाई से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। नागरिकों ने भाजपा नेता प्रदीप चौधरी द्वारा जनहित में उठाई गई इस प्रभावी पहल के लिए आभार प्रकट किया।

## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की शाखा गाजियाबाद की प्रबंधकारिणी बैठक का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की शाखा गाजियाबाद की प्रबंधकारिणी बैठक संजय नगर स्थित होटल फॉर्चून में आयोजित हुई जिसमें समिति के सदस्यों, सलाहकारों व कोर कमेटी द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि डॉक्टर अंजुल अग्रवाल प्रो० चांसलर एचआरआईटी रहे और विशिष्ट अतिथि इनर व्हील की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गुप्ता जी रही। ब्रांड एंबेसडर के रूप में डॉक्टर रिचा सूद नेशनल चैंपियन डिस्कस थ्रो एवं शिक्षाविद, उपस्थित रही। बैठक का प्रारंभ



दीप प्रज्वलन और अतिथियों को पौधा भेंट करके किया गया। इसके बाद रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष श्री अनिल गर्ग जी द्वारा वर्ष 2024-25 में रेड क्रॉस के द्वारा किए गए कार्यों का विवरण तथा रेड क्रॉस द्वारा किस प्रकार अलग-अलग जरूरतमंदों को सहायता पहुंचाई गई, कितने ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किए गए जिससे हजारों लोगों को फायदा पहुंचा, इन सभी क्रियाकलापों को व्यवस्थित क्रम में प्रस्तुत किया। साथ ही रेड क्रॉस एक विश्वव्यापी संस्था के रूप में कार्य के लिए जानी और पहचानी जाती है इसे अनेक उदाहरणों के साथ प्रस्तुत किया। आर्मी बैकग्राउंड से मेजर डॉक्टर प्राची गर्ग ने रेड क्रॉस की भूमिका युद्ध के समय और युद्ध के अलावा क्या होती है इस पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ राकेश गुप्ता, सर्विलांस अधिकारी चिकित्सा विभाग, ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ रेड क्रॉस के साथ मिलकर आम व्यक्तियों तक पहुंचाने की बात सहज और सरल रूप से सबके सामने रखी।

## ारिश में भी पारियों के हिसाब से वार्डेन्स पीली जैकेट में ड्यूटी देते रहे

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार के लिये अपर जिलाधिकारी नगर मुरादाबाद के द्वारा मुरादाबाद के सभी मन्दिरों में नागरिक सुरक्षा के वार्डेंस की ड्यूटियां कांवड़तियों के सहयोग एवम शांति पूर्वक संपन्न कराने हेतु लगाई गईं थीं।जिसके अंतर्गत आज श्री कामेश्वर नाथ मंदिर चौरासी घंटा एवम् झारखंडी मंदिर किसरौल में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए विशेष प्रबंध किया गया था। भारी बारिश में भी पारियों के हिसाब से वार्डेन्स पीली जैकेट में ड्यूटी देते रहे। व्यवस्था में दो बार महामहिम राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रभारी डिविजनल वार्डन अशोक कुमार गुप्ता, पोस्ट वार्डन लक्ष्मण सिंह



प्रजापति, अरशद अली, सूरज प्रकाश, आशीष त्रिवेदी, विजेश शर्मा, हरध्यान सिंह, अनिल रस्तोगी, संजय गुप्ता, नजाकत अली, गौरव कुमार, आरिफ हुसैन, सागर सक्सैना, राहुल प्रजापति, महेश चंद, आकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना महत्वपूर्ण व लाभप्रद योजनाः जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के मद्देनजर यूपीनेडा, विद्युत विभाग, पंजीकृत वैन्डर्स के साथ प्रगति समीक्षा बैठक आहूत हुई।

बैठक के दौरान ?वरिष्ठ परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा श्री एस0के0सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 2025–26 हेतु जनपद को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के मद्देनजर 15670 घरेलू सोलर पॉवर प्लांट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। जिनमें से 3276 सोलर पॉवर प्लांट लगाये गये हैं, शेष 5480 कनैक्शन लगाने हेतु सम्बंधित 68 वैन्डर्स द्वारा कार्यवाही प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि प्राप्त शेष 5480 आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही हेतु उन्हें सभी 68 वैन्डर्स में बांट दिया जाएं और नये आवदेनों हेतु मीडिया, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से वृहद स्तर पर प्रचार–प्रसार कराया जाएं। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एक महत्वपूर्ण व लाभप्रद योजना हैं, जो कि लाभार्थी ही नहीं अपितू पर्यावरण के लिए भी लाभप्रद है और इससे लोगों के बिजली बिलों में कटौती भी होगी। इस योजनान्तर्गत खप्त से अधिक बिजली उत्पादन होने पर विद्युत विभाग द्वारा निर्धारित दरों पर उपभोक्ता को भुगतान दिया जाता है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना विद्युत आपूर्ति हेतु महत्वपूर्ण व आवश्यक साधन हैं। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जन कल्याण व पर्यावरण हित में है। वैन्डर्स द्वारा विद्युत विभाग व बैंक द्वारा उपरोक्त कार्य में पूर्ण सहयोग ना देने की बात कहीं गयी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि योजना हेतु शत–प्रतिशत पूर्ण कराने में सहयोग प्रदान किया जाए व वैन्डर्स द्वारा योजना सम्बंधित अपलोड़ दस्तावेजों की ही जांच की जाएं तथा वैन्डर्स से अनावश्यक अभिलेख ना मंगवायें जाएं। उन्होने कहा कि शीघ्र ही इस सम्बंध में पुनः बैठक की जायेगी जिसमें पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से सम्बंधित सभी विभागों के साथ भी बैठक की जायेगी।

